62 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
# रांची एक्सप्रेस
epaper.ranchiexpress.com
वर्ष-62, अंक-79, रांची, बुधवार 06 नवंबर 2024, संवत 2081 पृष्ठ-12
मूल्य 4 रु
झारखंड का चुनावी संग्राम




## हेमंत सरकार सनातन विरोधी, पूजा-त्योहार में पत्थरबाजी दुर्भाग्यपूर्ण : योगी

अमित मालाकार

**बड़कागांव :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने चुनावी रणनीति के तहत झारखंड सरकार की नीतियों पर जोरदार प्रहार किया है। उन्होंने बड़का गांव प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में आयोजित एनडीए के बड़कागांव प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी एवं हजारीबाग सदर भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आयोजित सभा को संबोधित किया। योगी ने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार की गलत नीतियों के कारण रामनवमी, विश्वकर्मा पूजा आदि पूजा त्यौहारों में पत्थरबाजी एवं 144 धारा देखने को मिलती है। यह सरकार पूर्ण रूप से सनातन धर्म के खिलाफ है। यहां तो माफिया का राज चल रहा है। आज यूपी में देखिए माफिया का खत्मा हो गया या माफिया जहन्नुम की यात्रा कर चुके हैं। यूपी में अब बंद हो गया है दंगा आप सब कुछ हो गया है चंगा।

उन्होंने कहा कि सभी बजरंगी घर-घर एक रहिए और नेक रहिए। भाषा जाति के नाम पर देश को बांटने का प्रयास हो रहा है। इसे बटने नहीं देना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार के कार्यकाल में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 500 वर्षों के इंतजार को खत्म कर राम मंदिर का निर्माण करवाया। कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आरजेडी राम मंदिर निर्माण में बैरियर बने हुए थे।

श्री योगी ने कहा कि पूरे देश में 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है। इतना ही नहीं 4 करोड लोगों को प्रधानमंत्री आवास, जिसमें झारखंड में 21 लाख गरीबों को प्रधानमंत्री आवास मुहैया कराया जायेगा। झारखंड में राज्य बनते ही सभी महिलाओं को पांच 500 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। इतना ही नहीं साल में दो सिलेंडर निःशुल्क दिया जाएगा। कैबिनेट की पहली कैबिनेट बैठक में ही डेढ़ लाख लोगों को नौकरी से जोड़ा जाएगा। हर महिला को प्रत्येक 11 तारीख को 2100 उसके खाते में भेजा जाएगा। डिग्री लेने वालों को 2 वर्ष तक प्रतिमाह निश्चित राशि उपलब्ध कराई जाएगी। कश्मीर की तरह झारखंड में भी पत्थरबाजों और नक्सलियों को नष्ट किया जाएगा। आगे उन्होंने कहा कि 2014 से पहले चीन हमारे क्षेत्र में घुस जाया करता था परंतु आज स्थिति देश के अनुकूल देखी जा रही है। योगी ने रोशन लाल चौधरी को बड़कागांव से एवं प्रदीप प्रसाद को हजारीबाग सदर से विजय दिलाने के लिए मतदाताओं से अपील की है।



सांसद मनीष जायसवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि रोशन लाल चौधरी को बड़कागांव चुनाव जीत कर भेजिए झारखंड में सरकार बनी तो महुदी जुलूस मार्ग का रास्ता साफ होगा।

मौके पर रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई ,छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी, सहित अन्य भाजपा पदधारी मौजूद थे।

## झारखंड की खनिज संपदा पर है भाजपा की नजर : हेमंत सोरेन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चतरा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड मुख्यालय में चुनावी सभा की। सिमरिया विधानसभा से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नजर झारखंड के खनिज संपदा, जल-जंगल एवं जमीन पर है। वे बड़े पैमाने पर पूंजीपति मित्रों को स्थापित करना चाहते हैं और यहां के लोगों को विस्थापित करने की मंशा है। गरीबों और आदिवासियों का जल-जंगल, जमीन की बात एक जुमले की तरह बड़े-बड़े मंचों से वे बोलते हैं। इस राज्य में उद्योग से लेकर खनन में अपने व्यापारी मित्रों को बैठना चाहते हैं। यहां के आदिवासियों और मूल वासियों को बेदखल करने का इनकी सोची समझी षड्यंत्र है। ये आपके बीच घुसकर हमें बिखरने का प्रयास करते हैं।



उन्होंने कहा कि 25 वर्षों के झारखंड में ये 20 वर्षों तक सिंहासन पर बैठे रहे। डबल इंजन की सरकार में यहां के लोगों में कोई बदलाव नहीं हुआ। पूंजीपतियों को मदद पहुंचाने के लिए वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा व केंद्र सरकार आज तक कितने आदिवासी, दलित, मूलवासी व अल्पसंख्यक का भला किए हैं। सिर्फ हिंदू व मुस्लिम करके लड़ाना चाहते हैं। घुसपैठ मेरा व्यक्तिगत मामला नहीं है। यह राष्ट्र का मामला है। केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करती है। इस मामले पर देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को बताना चाहिए आखिर घुसपैठियों क्यों बढ़ रहे हैं। देश और सीमाओं की सुरक्षा का जिम्मा केंद्र सरकार पर है। ऐसे में यह इस मसले को उछालकर राज्य सरकार को बदनाम करना चाहते हैं। इनका वश चले तो जात धर्म के नाम पर एक दूसरे में फूट डलवाते ही हैं अब यह घर-घर लड़वाना भी शुरू कर दिए हैं।

उन्होंने कहा कि जनता इन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। हमने राज्य में विस्थापन आयोग भी बनाया है। हर एक विस्थापित को हक-अधिकार देने का काम करेगी अबुआ सरकार।

## जेजेएमपी के उग्रवादियों ने कोयला लदे दो वाहनों में लगायी आग



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के गोलिटाड ग्राम के समीप मंगलवार की शाम रात्रि लगभग 7:45 बजे जेजेएमपी के हथियार बंद उग्रवादियों ने दो कोयला लदे वाहनों में आग लगा दिया। जिससे दोनों वाहन जलकर खाक हो गया।मिली जानकारी के अनुसार मगध कोलियरी से एक ट्रक खँ02अ'/1599 एवं एक ट्रेलर वस्त्र71इळ/0537 कोयला लोड कर बालूमाथ की ओर आ रहा था। इसी बीच 5-6 वर्दी धारी हथियार बंद उग्रवादी गोलीताड़ चौक के समीप पहुंचकर दोनों वाहनों को हथियार के बल पर जबरन रोककर अपने साथ लाएं पेट्रोल छिड़क कर दोनों वाहनो को आग के हवाले कर दिया। वही घटना स्थल से जेजेएमपी उग्रवादी संघटन का एक हस्तलिखित पर्चा भी मिला है।

## हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए : मल्लिकार्जुन खरगे

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हजारीबाग के मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए।

खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाले बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि ह्यये मोदी की गारंटी हैङ्घ. कहां है आपकी गारंटी। खरगे ने कहा कि गारंटी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना की गारंटी दी थी। लोगों को साल 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिली थी। आज मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्यआपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो तो कम निकलता है।

मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। यदि आप एससी-एसटी-ओबीसी के हितैषी हो, तो आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी क्यों नहीं करते। वर्ष 2022 में झारखंड सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, उसमें ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की सिफारिश की गई थी। एससी का आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और एसटी का आरक्षण 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसे अब तक मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि देखिए आज महंगाई और पेट्रोल-डीजल का क्या हाल है।



खरगे ने कहा कि भाजपा और एनडीए कांग्रेस की कॉपी करती है। उनकी एक भी योजना अपनी नहीं है। कांग्रेस कर्नाटक में भाग्यलक्ष्मी योजना लेकर लाई। इसकी नकल में भाजपा गोगो दीदी योजना, लाडली बहना योजना जैसी योजनाएं ले आईं। ये लोग यहां कि जंगल और जमीन लूट लेंगे। कल अपने संबोधन में पीएम ने कुछ बातों को इंगित किया, जो मैंने बेंगलुरू में कहे थे। उसपर मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि मैंने बेंगलुरू में जो बातें कही और वादे किए, उनमें से कितने पूरे हुए, सबका पूरा हिसाब दे सकता हूं।

## संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक



**नई दिल्ली :** संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक शीतकालीन सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। संसदीय कार्य की अत्यावश्यकताओं को देखते हुए सत्र की अवधि कम ज्यादा हो सकती है। 26 नवंबर (संविधान दिवस) पर संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## बोलेरो चुराकर भाग रहे चोरों ने चार ग्रामीणों को रौंदा, हुई मौत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गोला :** रजरप्पा थाना से बोलेरो वाहन चुराकर भाग रहे चोर ने सोहराय पर्व मना रहे चार ग्रामीणों को रौंद दिया। गोला थाना क्षेत्र के पिपराजारा गांव में सोमवार की मध्य रात्रि हुए इस हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसर गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। मृतकों में मुनिया देवी (45 वर्ष) पति धुमा मांझी, बिलासी देवी (23 वर्ष) पति महेंद्र मांझी, रोशनी कुमारी (6 वर्ष) पिता संजय मांझी एवं डेढ़ वर्षीय निरंजन मांझी पिता महेंद्र मांझी शामिल हैं। जबकि हेमंती कुमारी (12 वर्ष), ठाकुरमनी देवी (50 वर्ष), उर्मिला देवी (40 वर्ष), रूपाली कुमारी (12 वर्ष), पार्वती देवी (40 वर्ष), लीला देवी (18 वर्ष) घायल बताए गए हैं। इस घटना से उग्र ग्रामीणों ने बोलेरो चला रहे चोर को पकड़ा और उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची और चोर को ग्रामीणों से बचाया। तत्पश्चात उस चोर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

इस संबंध में गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने बताया कि पिपराजारा गांव में सड़क के किनारे सोहराय पर्व मनाया जा रहा था। इसी दौरान रजरप्पा की तरफ से काफी तेज गति से आ रहे बोलेरो (जेएच-01बीजी 4500) ने भीड़ में शामिल लोगों को टक्कर मारी। जिसमें चार की मौत हो गई और कई लोग घायल हैं। उग्र ग्रामीण मुआवजे की मांग को लेकर अड़े हुए थे। ग्रामीणों द्वारा सड़क जाम कर प्रदर्शन भी किया गया और इस हादसे को अंजाम देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी गई। देर शाम समाचार लिखे जाने तक मृतकों का शव



गांव में ही पड़ा हुआ है।

### रजरप्पा थाना से चोरी हुआ था बोलेरो

जिस बोलेरो से ग्रामीणों को रौंदा गया, उसे रजरप्पा थाना परिसर से चोरी किया गया था। रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय ने बताया कि 3 नवंबर की रात लगभग 2 बजे चोरों द्वारा थाना परिसर से ही उस गाड़ी की चोरी कर ली गई थी। इस घटना की जानकारी मिलते ही गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार की सुबह घटनास्थल पहुंचकर घटना की पूर्ण जानकारी ली।

### वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक के आवास से 67 लाख नकदी जब्त

**रांची :** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची पुलिस ने मंगलवार को शहर के नामकुम स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी के संचालक रामजी यादव के तीन ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। मिली जानकारी के अनुसार, अवैध नकदी की सूचना पर नामकुम स्थित यूनिवर्सिटी, मां कलावती अस्पताल और चुटिया थाना क्षेत्र के अमरावती कॉलोनी स्थित संचालक के आवास में छापेमारी की गयी। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि छापेमारी के दौरान अबतक 67 लाख रुपये नकदी और जमीन में निवेश करने के कागजात बरामद किये गये हैं।

## आईएनडीआईए ने सात गारंटियों के साथ जारी किया घोषणा पत्र

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए ने मंगलवार को राजधानी रांची के एक होटल में घोषणा पत्र जारी किया। घोषणापत्र में गठबंधन ने कई बड़े दावे किए हैं। गठबंधन ने मेनिफेस्टो में सात गारंटियों का ऐलान किया है। गठबंधन की सात गारंटियां : 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लाने, सरना धर्म कोड को लागू करवाने के साथ क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण को संकल्पित। दिसंबर से मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत 2,500 की सम्मान राशि दी जाएगी। एसटी को 28 प्रतिशत, एससी को 12 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत और अल्पसंख्यक के हितों का संरक्षण करने के लिए संकल्पित। इसके साथ पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय के गठन के लिए संकल्पित। प्रति व्यक्ति सात किलो राशन वितरित किया जाएगा। इसके साथ राज्य के हर गरीब परिवार को 450 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। झारखण्ड के 10 लाख युवक और युवतियों को नौकरी व रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ करीब ?15 लाख तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। राज्य के सभी प्रखण्डों में डिग्री कॉलेज तथा जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी।

## झारखंड में सीबीआई की छापेमारी में 60 लाख नकद, एक किलो सोना और कागजात बरामद

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध पत्थर खनन से संबंधित मामले में मंगलवार को झारखंड में छापेमारी की है। इनमें राज्य की राजधानी रांची में तीन स्थानों, गुमला जिले में एक स्थान और साहेबगंज जिले में 13 स्थानों पर छापेमारी हुई है।

सीबीआई से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक की तलाशी में 60 लाख रुपये से अधिक नकदी, एक किलो से अधिक सोना, 1.2 किलो चांदी, सोने के आभूषण, मोबाइल, 61 जिंदा कारतूस (9 मिमी), संपत्तियों से संबंधित बिक्री विलेख, निवेश और शेल कंपनियों से संबंधित दस्तावेज, समझौते के कागजात और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। जांच से पता चला है कि साहेबगंज जिले में बड़े पैमाने पर अवैध खनन गतिविधियों ने कथित तौर पर सरकार को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। साथ ही खनन कानूनों के उल्लंघन किया गया है।

क्षेत्रीय जांच से पता चलता है कि प्रमुख व्यक्ति और संस्थाएं अपनी गतिविधियों को छिपाने और अवैध रूप से प्राप्त संसाधनों, धन को डायवर्ट करने के लिए कई तरीकों का इस्तेमाल करते हुए इस ऑपरेशन में कथित रूप से शामिल थीं।

प्रारंभिक जांच में ऐसे साक्ष्य एकत्र किए गए, जिनसे पता चला कि अवैध खनन गतिविधि को अंजाम देने और इस प्रकार प्राप्त आय को छिपाने के लिए प्रमुख व्यक्तियों और फर्मों की संलिप्तता और सांठगांठ थी।

## आप सत्ता परिवर्तन कीजिये, हम व्यवस्था परिवर्तन करेंगे : राजनाथ

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रांची :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने झामुमो, कांग्रेस और राजद को निशाने पर लिया। उन्होंने मंगलवार को रांची के रातू में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा शक्तिशाली रॉकेट है, जो झारखंड को नई ऊंचाईयों पर ले जाएगा। झारखंड से हमारा आत्मीयता का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा कि दो बार भाजपा को मौका दीजिये। आप सत्ता परिवर्तन कीजिये। हम व्यवस्था परिवर्तन कीजिये।

राजनाथ ने कहा कि 62,000 आदिवासी गांव के लिए हमने अलग योजना बनाई है। हर तरह से चिंता आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि नवीन जायसवाल तीन बार विधायक रह चुके हैं। इस बार भी जीतेंगे तो सिर्फ विधायक नहीं रहेंगे कुछ और रहेंगे। इसलिए इनकी मदद कीजिये। इनको फिर से विधानसभा में पहुंचाइये।

राजनाथ ने कहा कि जब भी झामुमो के हाथों पर राज्य गया तब बबार्दी ही हुई। जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। झारखंड के विकास में तीन ब्रेकर झामुमो, कांग्रेस और राजद हैं। बिरसा जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। कुल 62 हजार आदिवासी गांव के लिए अलग से योजना बनाई गई है। सभी तरह से आदिवासियों की चिंता की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपने राज्य बनने के बाद से अब तक 13 मुख्यमंत्री बनाये। हमारे एक भी मुख्यमंत्री केस नहीं हुआ। जेल नहीं गये लेकिन यहां के दो-दो मुख्यमंत्री जेल गये। ये दोनों भाजपा के नहीं थे।



राजनाथ ने कहा कि भाजपा तेजी से विकास करती है। इन्होंने आदिवासियों का खून चूसा है। ये आदिवासियों के हितैषी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड से हमारा आत्मीय रिश्ता है। साथ ही कहा कि कहां से आते हैं इनके पैसे, ये आपको सोचना चाहिये। जब भी जेएमएम के हाथों में राज्य गया इसकी बबार्दी हुई। आप क्या ऐसे लोगों को फिर से सरकार बनाने का मौका देंगे।

राजनाथ ने कहा कि आज देश का नाम मोदी के कारण पूरी दुनिया में गूंज रहा है। धनतेरस के दिन हमने विदेश में रखा भारत का 102 टन सोना वापस लाया। अभी भारत विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है लेकिन जल्दी ही ये तीसरे स्थान पर होगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बाद हम तीसरे पर स्थान होंगे। आदिवासियों को सबसे अधिक सम्मान भाजपा ने दिया है। पूरे देश में बिरसा जयंती मनाया जा रहा है। दिल्ली में मनाया जा रहा है। हमने आदिवासी राष्ट्रपति बनाया। भाजपा ने ही अलग राज्य बनाया।

# पॉवर ग्रिड न्यू उपकेंद्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया




**रांची :** माननीय झालसा के निदेर्शानुसार, माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, डालसा के मार्गदर्शन तथा जिला प्रशासन के सहयोग से नामकूम प्रखंड के लोधमा गांव के अखड़ा बस्ती में डायन बिसाही, बाल विवाह, दहेज प्रथा तथा यौन अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी गयी एवं निकटतम विधिक सहायता केंद्र के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिपुटी एलएडीसी श्री राजेश कुमार सिन्हा, सीडीपीओ नामकूम, श्रीमति सविता सिंह, नुक्क्ड़ नाटक के टीम एवं मुखिया श्री संदीप तिर्की, पीएलवी लता कुमारी, युधिष्ठिर महतो, नीमा लकड़ा, प्रीति कुमारी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

जागरूकता कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक के सदस्यों के द्वारा डायन-बिसाही पर नाटक का मंचन किया गया और वहां उपस्थित लोगों के बीच नाटक कर उन्हें विधि के प्रति जागरूक किया गया। डायन-बिसाही एक अंधविश्वास है तथा ग्रामीणों में अंधविश्वास और अशिक्षा के कारण इस तरह की घटनाएं घटती है, जो कानुनन अपराध है। इसमें सजा का प्रावधान हैं। इसके अलावा नुक्कड़ नाटक के सदस्यों के द्वारा दहेज लेना व देना दोनों अपराध है तथा बाल विवाह एवं निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया एवं विधिक सहायता हेतु टोल फ्री नम्बर - 15100 के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी।

श्री राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि डायन कहना भी एक अपराध है और जो इसे इंगित करते हैं या पहचान करते हैं या ओझा-गुणी सभी के उपर कानुन में सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा राजेश कुमार सिन्हा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा प्रदान किये जानेवाले निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को बतलाया तथा पंचायत स्तर पर हमारे पीएलवी आपलोगों की सहायता के लिए उपलब्ध है, अगर किसी तरह की कोई घटना के बारे में जानकारी मिलती है, तो आप पीएलवी से निःशुल्क सहायता ले सकते हैं। हमारे पीएलवी प्रखंड में तथा थाना में भी आपकी सहायता के लिए उपलब्ध है। सभी सहायता जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से निःशुल्क दिया जाता है।

धन्यवाद ज्ञापन मुखिया श्री संदीप तिर्की के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर डालसा के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जाता है, जो एक सराहनीय कदम है। हमलोग सभी का मुख्य उद्देश्य हैं कि डायन बिसाही, बाल विवाह एवं दहेज प्रथा को समाज से समाप्त करें इससे संबंधित विधिक प्रावधानों के संबंध में जागरूक करें।

# दर्जनों लोगों ने केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

**सोनाहातू :** प्रखंड के पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी का दामन थामा।इस दौरान पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नए सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें पार्टी की विचारधारा और आगामी लक्ष्यों से अवगत कराया। प्रखंड के जिंतू, कूदाडीह ओर चुतरुडीह गांव के दर्जनों लोग आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।कार्यक्रम के दौरान सुदेश कुमार महतो ने कहा आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता और विकास के लिए संघर्ष कर रही है। हर झारखंडी का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। हम मिलकर राज्य की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगे।नए सदस्यों ने आजसू पार्टी में शामिल होने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में वे झारखंड की बेहतरी के लिए काम करने के लिए उत्साहित हैं।मौके पर डॉ गंगाधर महतो, प्रधान महतो, कैलाश यादव, रमेश महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, केंद्रीय सचिव संजय महतो, विरेन सिंह मुंडा और पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। सभा का अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिक ने किया। ये लोग आजसू पार्टी का दामन थामा- चुतरूडीह गांव से कैलाश यादव, जितेन्द्र यादव, धीरज यादव, खुदीराम यादव, सुरेश यादव, जगदीश यादव, अरविंद यादव, महिपाल यादव, गुरूचरण यादव, जीतवाहन यादव, सुखराम यादव, कदमडीह से आशुतोष यादव, रोहित यादव, कपिल यादव, राहुल महतो, गौतम महतो, तुलसी महतो नवाडीह से राहुल नायक, खटंगा से अखिलेश महतो, भीम बड़ाईक, बालिजोड़ा से बुधन सिंह मुण्डा, सत्यवान सिंह मुण्डा, उमेश सिंह मुण्डा, मोहर सिंह मुण्डा, लखिचरण सिंह मुण्डा, गुरूवार मुण्डा, डोम मुण्डा, महेश्वर मुण्डा, शोशोधर मुण्डा, सुधन मुण्डा, अशोक सिंह मुण्डा, धमेंद्र सिंह मुण्डा, ब्रजकिशोर महतो, भकुवाडीह माधव महतो जीन्तु गांव से सुबोध मुण्डा, गणेश मुण्डा, नकुल, मनसा, विश्वदेव, आमीन, संतोष, रोहिनी, मंगल, महादेव, घासी राम, विद्या मुण्डा, अनिल महतो, काला चांद महतो, छोटन सिंह मुण्डा, नरेश सिंह मुण्डा, देवीदयाल मुण्डा, मनोज, निरंजन, बुधन मुण्डा, दयाल दोहरा, सुरेश्वर लोहरा वहीं कुदाडीह गांव से खेत्रमोहन, धनीराम, शिवराम, राममोहन, बलराम, काशीनाथ महतो, नरेश महतो, नीतिश महतो, संजय, विजय महतो, दीपक स्वांसी, विनाधर लोहरा आदि लोग आजसू पार्टी में शामिल हुए।

# प्रत्यासियों का तावड़तोड़ जन संपर्क अभियान एवं बैठकों का दौर जारी




**महुदा :** बाघमार विधान सभा क्षेत्र इन दिनों चुनावी तापमान चरम पर है। तमाम प्रत्यासी केवल और केवल अपनी जीत का लक्ष्य साधे ताबड़तोड़ जन संपर्क अभियान करते गाँव -मुहल्लो से लेकर कस्बाई इलाकों मे लगातार दस्तक दे रहे है। इतना ही नही लोकतंत्र के इस महापर्व के मौके पर सभी जनता जनार्दन ( वोटर ) के समक्ष अपने को परम हितैशी बताते क्षेत्र का सर्वांगिण विकाश करने वाले सर्वमान्य जन प्रतिनिधि का भरोसा दे तो रहे है पर जनता मौन है। बताते है कि बाघमारा विधान सभा क्षेत्र मे प्रत्यासियों ने बड़े ही रोचक तरीकों से चुनावी विसात बिछा दी है । जात - पात, धर्म संप्रदाय के साथ - साथ अन्य कलावाजी के आसरे सभी सर्वाधिक वोट वटोरने के प्रयास मे लगे दिखायी दे रहे है।

ज्ञात हो कि वर्तमान चुनाव में यहाँ एन डी ए से शरत महतो एवं इंडी गठबंधन से कॉंग्रेस प्रत्यासी पुर्व मंत्री जलेश्वर महतो के साथ - साथ कॉंग्रेस के ही बागी उम्मीदवार रोहित यादव भी मजबूती के साथ मैदान मे डटे हुए है । सपा की तरफ से सुरज महतो तथा जे एल के एम से दीपक रवानी भी मैदान मे ताल ठोंक रहे है। बाघमारा विधान सभा क्षेत्र का चुनावी आलम यह है कि एक तरफ जहाँ पुरे क्षेत्र मे प्रत्यासियों का चुनावी शोर है तो वहीं दुसरी तरफ उनके रेलमपेल जनसंपर्क अभियान और कार्यकताओं के संग रणनीतिक बैठक मे सर्वाधिक वोट हथियाने की कवायद चल रही है। इस क्रम मे तमाम दल अपनी विशेष रणनीति से अन्य दल के मजबूत धड़ों को अपनी ओर खींचने की फिराक मे भी लगे प्रतीत है।

बाघमारा क्षेत्र मे होने वाले चुनाव के इस आरंभिक क्षण प्रत्यासियों के बीच की जवरदस्त तपीस भी दीख रही है । प्रतीति ऐसा कि यहाँ कोई भी जीते और कोई हारे परन्तू मुकाबला त्रिकोणीय ही समक्षा जा रहा है। फिलवक्त वोटर मौन है, पर तमाम प्रत्यासी अपनी सुनिश्चित जीत का सेहरा बाँधे जनता से लगातार वोट की अपील कर रहे है। बताया जा रहा है कि आगामी दिनो चुनावी जंग बीच परिणाम से बेखबर प्रत्यासियों की धड़कने लगातार बढ़ेंगी, आरोप और प्रत्यारोपों के बौछारों के बीच समाजिक समरसता में दरारें बढ़ेंगी।

## बजरंग वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया

**रांची :** भाजपा के वरिष्ठ नेता और चंद्रवंशी महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रांची एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया एवं उनका अभिवादन किया



श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें साधारण कार्यकर्ता भी देश के प्रधानमंत्री से मिल सकता है इसके लिए उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह महामंत्री सांसद आदित्य साहू सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद दिया ।

# जयराम महतो ने तमाड़ में विशाल जनसभा कर दमयंती मुंडा के पक्ष में मांगा वोट, कहा - तमाड़ बनेगा आदर्श विधानसभा

**तमाड़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांति मोर्चा अध्यक्ष जयराम महतो की तमाड़ विधानसभा स्तरीय जनसभा हुई। तमाड़ के आमलेशा मैदान में यह जनसभा आयोजित की गई। जहां जयराम महतो को सुनने के लिए हजारों की संख्या में समर्थक पहुंचे। जयराम महतो ने अपने वाहन की छत पर खड़े होकर लोगों को अपने अंदाज में संबोधित किया और तमाड़ विधानसभा की जनता से कैंची छाप में वोट मांगा। सभा को जेएलकेएम तमाड़ प्रत्याशी दमयंती मुंडा, सिल्ली प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने भी संबोधित किया। जयराम महतो ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि आज सभी राजनीतिक दल झारखंड को लूट रहे हैं लेकिन झारखंड में रहने वाले भोले-भाले लोगों की सुख-सुविधाओं और अधिकारों की किसी को चिंता नहीं है। सभी राजनीतिक दल सिर्फ अपने पार्टी नेताओं और उनके परिवारों का पेट भरने में लगे हैं।



जयराम महतो ने राज्य कि हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के मंत्री और विधायक सिर्फ अपने परिवार को मालामाल करने में लगे हुये है। हमारी सरकार बनेगी तो विधायको का पेंशन बंद किया जायेगा। मंत्रियों को रहने के लिये आवास नहीं क्वाटर दिया जायेगा। और इस कटौती किये हुये राशि से राज्य के गरीब जनता के हित में कार्य किया जायेगा। बच्चों के लिये केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा दिया जायेगा। उन्होने तमाड़ विधानसभा में अपनी पार्टी के लिए प्रचार करते हुए उन्होंने लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। ??उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर उनकी सरकार सत्ता में आती है तो डोमिसाइल नीति को और मजबूत किया जाएगा।

इसके अलावा उन्होंने झारखंड में सरकारी नौकरियों में 90% स्थानीय लोगों को रखने पर जोर दिया और यह भी कहा कि जो लोग सक्षम हैं और 10% में आते हैं, हम उनका स्वागत करेंगे। लेकिन अगर दूसरे राज्यों के लोग झारखंड के हक पर आएंगे तो हम इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। तमाड़ प्रत्याशी दमयंती मुंडा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे मईया सम्मान योजना पर टिप्पणी करते हुये कहा कि यह महज एक छलावा है। चाहे भारतीय जनता पार्टी हो या झारखंड मुक्ति मोर्चा, दोनों झारखंड की महिलाओं को सिर्फ ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों को असली सम्मान तब मिलेगा जब उनके भाइयों और उनके पतियों को अच्छी नौकरी मिलेगी। तमाड़ में जल्द पीजी कॉलेज व बुंडू में बीएड कॉलेज का निर्माण करेंगे। ताकी छात्र छात्राओं को पढ़ने के लिये बाहर ना जाना पड़े। उपस्थित हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए तमाड़ विधानसभा प्रत्याशी दमयंती मुंडा ने कहा अगर तमाड़ की जनता हमें सेवा का मौका देती है तो तमाड़ विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाउंगी। साथ ही इस क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाउंगी। इसलिए आप सभी से सादर विनती है कि इस बार वोट अपने बाल बच्चों के भविष्य को सोचते हुए कैंची छाप पर वोट करें ताकि राज्य में ऊजार्वान युवाओं की सरकार बनें। युवा ही राज्यवासियों को खतियानी पहचान दिलाएगी। इसलिए अपनी पहचान एवं युवाओं की रोजगार के लिए जेएलकेएम को वोट करें।

# देशभर में पीएम मोदी की साख व विश्वशनीयता तेजी से गिरा : राजद

**रांची :** प्रदेश राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है देश - प्रदेश में बीजेपी पूंजीपतियों के इशारे पर शासन कर रही है इसलिए देश में सबसे ज्यादा माइनिंग स्टेट झारखंड पर बीजेपी के तमाम नेताओं की नजरें गड़ी हुई है ।

विदित हो कि राज्य निर्माण के 25 वर्ष में बीजेपी एवं सहयोगी आजसू,जेडीयू लगभग 17 वर्षो तक शासन किया लेकिन एक भी जनसरोकार एवं स्थानीय स्तर पर चहुमुंखी विकास नहीं कर पाया ।अब जब झारखंड रत्न शिबू सोरेन के पुत्र हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की लोकप्रिय सरकार चल रही है और अनेकों लाभार्थी योजना के तहत जनाकांक्षाओं को पूरा कर रही है तो ये भाजपाइयों को पच नहीं रहा है निश्चित तौर पर बीजेपी राज्यहित के बजाय निजी हितों और जनविरोधी सोच के तहत राज्य को तबाह करने का काम कर रही है।

ज्ञातव्य है कि 2014 से तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी काबिज हैं लेकिन अपने जनहित वाले मेनिफेस्टो को लागू करने में फेल रहें उन्होंने हमेशा जन और मन की बातें जरूर किया जगजाहिर है कि ठीक इसके उलट सिर्फ और सिर्फ पूंजीपतियों के लिए काम किया।



यादव ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव आज भी देश के सबसे अधिक जनप्रिय नेता हैं इन्होंने सामाजिक न्याय के तहत दलित पिछड़े अतिपिछड़े आदिवासी अल्पसंख्यक गरीब समाज को मान सम्मान दिया और उन्हें मानसिक गुलामी से निकालने का काम किया और बुनियादी तौर पर अनंतकाल के लिए बड़ी लेकर खींच कर सामाजिक उत्थान के लिए मार्ग प्रशस्त किया है जिसका मुकाबला करना दूसरे दलों व नेताओं के बस में नहीं है !

जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता में इजाफा जरूर हुई थी लेकिन झूठे वादे झूठे सपने दिखाने के कारण इनकी साख और विश्वसनीयता काफी तेजी से गिर रहा है क्योंकि देशवासियों को अब देश के पीएम और बीजेपी पर लोगो का भरोसा उठ गया है ।इन्होंने हमेशा किसानों नौजवानों और युवाओं की विकास की बात कहीं लेकिन ये सब झूठे और जुमले निकले ।किसानों के साथ किए गए आय दुगुना करने टरढ लागू करने जैसे सारे वादे फेल हुआ ,युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी नहीं दे सके, हर व्यक्ति को 15 लाख रु देने का वादा जुमला निकला, देश की आर्थिक/ कृषि/उद्योग/विदेश नीति एवं जम्मू - कश्मीर, नॉर्थ - ईस्ट में आतंकवाद को रोकने में असफल रहें इस मामले को सफल रणनीति बनाने में अनुभवहीनता का झलक दिखाई दिया, भारत अंतराष्ट्रीय स्तर पर भुखमरी में सबसे आगे है, महंगाई, बेरोजगारी,महिला सुरक्षा एक बड़ा सवाल है और निरंतर प्रचंड रूप धारण किया है और ये जनाकांक्षाओं व जनसरोकार के कार्यों को पूरा करने में विफल रहे। यादव ने कहा कि झारखण्ड में बीजेपी के प्रदेशस्तरीय नेताओं की भूमिक लुप्त हो गई है इनके आयातित बाहरी भाजपाई नेता हावी है और जनमुद्दों को छोड़ सिर्फ तुष्टिकरण,ध्रुवीकरण की बाते कर आपसी द्वेष फैलाने का काम कर रहे हैं जिस कारण झारखंड की जनता इन्हें खारिज कर दिया है, इसलिए पुनः राज्य में लोकप्रिय हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार बनाकर दोहराने जा रहे हैं।

राजद महागठबंधन का सबसे मजबूत पिलर के तौर पर खड़ा है राज्य में राजद के वोटो का सामाजिक समीकरण इंडिया गठबंधन के पक्ष में है जिसकी बुनियाद राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव ने बनाई है। विदित है राजद के सैकड़ों प्रभावशाली नेता चुनाव प्रचार कर राज्य में कैंप कर रहे हैं। इसलिए बीजेपी के तमाम बड़े नेताओं के राज्य में आने के बाद भी जनता का मूड बदलने वाला नहीं है ।

# आंदोलनरत ग्रामीणों ने सीओ को रेलवे स्टेशन स्थित समपार फाटक खोलने की मांग लेकर पत्र सौंपा

**इटकी :** इटकी रेलवे स्टेशन के निकट बंद समपार फाटक को खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों की एक सात सदस्यीय टीम ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे हटिया,रांची के नाम सीओ मो० अनीश को एक पत्र सौंपा है। मांग पत्र के अनुसार जबतक इटकी स्टेशन के निकट फलाई ओवर का निर्माण नही होता है तबतक समपार फाटक खोले रखने की मांग किया है। मांग पत्र में आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा अंडर पास सुनसान जगह पर बनाया गया है। जहां पर लोग आवागमन में असहज महसूस करते साथ ही लूट छिनतई स्कूली बच्चियों के साथ छेड़ छाड़ का हमेशा भय बना रहता है। सात नवम्बर को विभाग और ग्रामीणों के बीच समपार फाटक खोलने को लेकर वार्ता होना है अगर समाधान नही निकाला तो आठ नम्बर से पुनः ग्रामीण उग्र आदोलन करने पर वाध्य हो जायेंगे। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे नेताओं के द्वारा मांग पत्र की एक प्रति इटकी थाना को भी दी गई है मांग पत्र सौपने में आजसू के जिला सचिव मुतेर्जा आलम , पूर्व उप प्रमुख उरूज अंसारी , झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष पम्मू इकबाल , कुदूस अंसारी , फजले अंसारी,हुसैन अंसारी और तसलीम अंसारी शामिल थे।



## नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

**रांची :** मंगलवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ की शुरूआत हुई। आज छठ वर्ती कद्दू भात और शुद्ध भोजन प्रसाद ग्रहण कर अपनी छठ महापर्व की शुरूआत किए। गेहूं चावल धोकर साथ में सामूहिक छठ लोक गीत गाकर गेहूं चावल को सुखाया गया । पूजा सामग्री खरीद आस्था और विश्वास का छठ महापर्व पहली बार कर रही पंचशील नगर पंडरा की कुमारी संगीता बाला ने पुरी निष्ठा के साथ लाजपत नगर पुंदाग में अपना पहली छठ महापर्व की आयोजन हर संभव व्यवस्था कर अपने निजी एवं करीबी रिश्तेदारों की सामूहिक सहयोग से कर रही है।

इधर, **बुढ़मू में** सूर्य उपासना का पर्व छठ पूजा का शुभारंभ मंगलवार को नहाय खाय के साथ हो गया। इससे पूर्व छठव्रतियों ने पूरे श्रद्धा भाव से स्नान करने के बाद पूजा अर्चना कर-के चारदिवसीय व्रत का शुभारंभ किया। इस अवसर पर थाना क्षेत्र के ठाकुरगांव, बरौदी, उरूगुद्ध, भांटबोड़या, हेसलपिरी, सोबा, बेडवारी, ईटहे आदि गांवों के जलाशयों में व्रती अर्घ्य देंगे। विभिन्न समितियों द्वारा छठ घाटों में आकर्षक विद्युत सज्जा भी की जा रही है। मंगलवार को थाना प्रभारी विनित कुमार ने विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने तालाबों व नदियों में समितियों से सुरक्षा के उपाय करने की बात कही।

इधर, **इटकी** में नहाय खाय के साथ ही इटकी में महाछठ व्रत पूजा शुरू हो गई है। प्रखण्ड के नदी, पोखर, डेम और तालाब सहित अन्य जलाशयों में सैकड़ों छठव्रती पहुंचे और स्नान ध्यान कर भगवान भाष्कर की पूजा अर्चना की इसके बाद घर पहुंच कर मिट्टी के चुल्हों में नेमत नियम के साथ आरवा चावल का भात और चने की दाल,कद्दू की सब्जी पवित्रता के साथ बनाया इसके बाद भोग लगाकर खुद ग्रहण किया और पूरे परिवार को भी खिलाया। कल शाम बुधवार को छठव्रती दुग्ध गुड़ से बनी खीर के साथ खरना पूजा करेंगे। गुरुवार को अस्ताचली सूर्यदेव को अर्घ देंगे। शुक्रवार की प्रातः उदयमान भगवान भाष्कर को छठव्रती अर्घ देकर पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना करेंगे।

# झारखंड में जेएमएम की सरकार जा रही है और एनडीए की सरकार आ रही है : राजनाथ सिंह




**रांची :** झारखंड में हवा का रुख साफ है झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार जा रही है और एनडीए की सरकार आ रही है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावक ने उनका साथ छोड़ दिया है जनता भी उनका साथ नहीं देने वाली है। हम जनता से झूठ नहीं बोलते हैं। एनडीए का इतिहास है कि हम अपने सभी वादों को पूरा करते हैं। आदिवासी समाज के उत्थान के लिए काम करने वाला गठबंधन है एनडीए। लोहरदगा की सम्मानित जनता से आग्रह है कि आगामी 13 नवंबर को केला का बटन दबाकर नीरू शांति भगत को विजयी बनाएं और राज्य में एनडीए सरकार बनाने में अपना बहुतमूल्य योगदान दे। हम यहां सत्ता परिवर्तन के साथ व्यवस्था परिवर्तन भी करेंगे।

उक्त बातें केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोहरदगा में आयोजित विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में कही। इस दौरान केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ भी उपस्थित रहें।

चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि लोहरदगा अपने आंदोलनकारी बेटे की बहू को आशीर्वाद देने के लिए तैयार है। पुलिस सेवा से आए विधायक जनता के लिए सहज नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवा से आयी नीरू शांति भगत लोहरदगा की जनता की सेवा करेगी। लोहरदगा को शासक नहीं सेवक चाहिए। एनडीए की सरकार आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा देने का काम करेगी।

सरकार ने सबसे अधिक नुकसान पढ़े लिखे युवाओं का किया है। हर युवा चाहता है कि उन्हें रोजगार अपने घर के पास ही मिले। लोहरदगा में इंडस्ट्री बनाने का काम किया जाएगा। अबुआ आवास बबुआ आवास बन गया है। जिनके पास पैसा है उसे आवास दिया गया जरूरतमंद को नहीं। आने वाले समय में हमारा कस्टम और सिस्टम दोनों सुरक्षित रहे इसकी तैयारी है।

मौके पर एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है। समाज के हर वर्ग का साथ और समर्थन हमारे साथ है। कांग्रेस ने जनता की उम्मीदों को तोड़ा है। लोहरदगा से पूर्व ईचागढ़ विधानसभा अंतर्गत चांडिल में आयोजित परिवर्तन संकल्प सभा को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र अब बदलाव चाहता है। ईचागढ़ की आवश्यकताओं को समझते हुए उसके अनुरूप कार्य करेगी एनडीए सरकार।

ईचागढ़ की जनता का प्यार और आशीर्वाद भूमिपुत्र हरेलाल महतो के साथ है। इन्होंने बिना किसी पद पर रहते हुए जनता की अभूतपूर्व सेवा की है। जनता की सेवा और उनसे सीधा जुड़ाव इनकी विशेषता है। जनता ने पिछली बार की कमी को दूर करने का मन बना लिया है। जेएमएम के राज में ईचागढ़ सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। जनादेश का अपमान करने वाली सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं है। मौके पर ईचागढ़ से एनडीए उम्मीदवार हरेलाल महतो ने कहा कि जनता अपना आशीर्वाद एनडीए को देगी। हम जनता के साथ से ईचागढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। सिल्ली मॉडल के आधार पर ईचागढ़ का विकास किया जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, और सड़कों का विकास पहली प्राथमिकता होगी।

# दिल्ली छठ महोत्सव में शिरकत करेगा लक्ष्मी नाथ महतो का नागपुरी नृत्य दल

**बुढ़मू :** भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के नॉर्थ सेंट्रल जोन कल्चरल सेंटर प्रयागराज के तत्वाधान में 7 नवंबर 2024 को नई रांची से दिल्ली रवाना हुआ छठ पर्व पर आधारित नागपुरी गीत के साथ ही नागपुरी नृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा दल में लक्ष्मी नाथ महतो के



दिल्ली में आयोजित छठ महोत्सव में झारखंड का नागपुरी सांस्कृतिक दल भी हिस्सा ले रहा है इसके तहत लक्ष्मीनाथ महतो के नेतृत्व में झारखंड कला संगीत सिर्जन केंद्र और आभार गुना का 15 सदस्य सांस्कृतिक दल अलावा प्रीतम कुमार महतो, सोमनाथ मिंज, मनी देवी, सुनीता कुमारी, सुमित उरांव, राजकुमारी, लक्ष्मी कुमारी, अनिमा कुमारी इत्यादि शामिल है। उक्त जानकारी दलसचिव लक्ष्मीनाथ महतो ने दी।

# सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि-थीम पर किया गया कार्यक्रम

**बेड़ो :** पॉवर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड उपकेंद्र द्वारा चलायी जा रही सतर्कता जागरूकता सप्ताह मंगलवार को समापन्न हो गया. सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम - सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर मनाया गया. इस बीच पेंटिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. वही बेड़ो प्रखंड कार्यालय प्रागंण से जागरुकता पद यात्रा निकाली गयी. पद यात्रा हाथो में तख्ती लिये लोगों को भ्रष्टाचार से बचने एवं समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और जावब देही के



दौरान एक सप्ताह तक पावर ग्रिड के प्रभारी कुमार अभिषेक व उप-प्रबंधक अनूप राय की देख रेख अलग अलग जगहो पर कई कार्यक्रम किये गये. जिसके तहद पावर ग्रिड के समीप चचगुरा राजकीयकृत मध्य विद्यालय में कक्षा1 से कक्षा 5 के बच्चों के बीच पेटिंग प्रतियोगिता एवं कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमे विद्यालय के लगभग 280 बच्चों ने भाग लिया.वही ग्रीड के कर्मचारियों के बीच भी निबंध प्रतियोगिता एवं ग्रुप नाटक का आयोजन किया गया. जहां कर्मचारियों के बच्चों और कर्मचारियों के पत्नियों के महत्त्व को बढ़ावा देना चाहिए के बारे में लोगों को जागरूक किया गया. वही पावर ग्रिड में बेडो थाना प्रभारी नकुल साह एवं उप निरीक्षक मनीश कुमार द्वारा भ्रष्टाचार से बचने एवं समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता और जावब देही के महत्त्व को बढ़ावा देने के विषय पर उपकेंद्र के कर्मचारियों टीप्स दिया गया. इस अभियान को केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पॉवरग्रिड उपकेंद्र के प्रभारी कुमार अभिषेक, उप-प्रबंधक अनूप राय, सहायक प्रबंधक जयदीप दत्ता,रूपेश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# सांसद पप्पू यादव ने अजय नाथ शाहदेव के लिए हटिया में चुनाव प्रचार किया

कांग्रेस नेता और पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने आज हटिया विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में चुनाव प्रचार किया . सांसद पप्पू यादव ने हटिया, जगन्नाथ हटिया की जनता एकजुट है . समाज के सभी वर्गो का हमे समर्थन मिल रहा है . इतना ही नहीं राज्य में महागठबंधन की सरकार पूर्ण बहुमत से बनने जा रही है .



पुर, सेक्टर 2 मार्केट, पंचमुखी मंदिर, डोरंडा में आयोजित नुक्कड़ सभा और पदयात्रा के माध्यम से जनता को अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में मतदान करने का अपील की . पप्पू यादव ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाना है और अजय नाथ शाहदेव को हटिया से जिताना है . उन्होंने कहा कि अजय नाथ शाहदेव के पक्ष में भाजपा पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्य के एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपया नहीं दे रही है . भाजपा की नजर राज्य के जल, जंगल और जमीन पर है . सहारा के मामले पर भी भाजपा के नेता झूठ बोल रहे है . सहारा के निवेशकों का पैसा लौटाने की मांग वे लोकसभा में उठायेंगे।

# भाजपा उम्मीदवार जीतू चरण राम का जनसंपर्क अभियान, मांगा भाजपा के लिये वोट

**रांची :** भाजपा कांके विधानसभा के प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम ने सुगनू ग्राम, सैनिक कॉलोनी, देवी दर्शन, वैष्णवी हिल, खेलगांव हाउसिंग कॉलोनी में जन संपर्क एवं जन बैठक कर लोगो से अपील किया वो भाजपा के पक्ष में मतदान करे, उन्होंने कहा की भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जन विश्वास पर खरा उतरती है, उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन के वादों से जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है, कांके जैसे क्षेत्र हेमंत सोरेन के वादे अधूरे



रह गए, जनता अब हेमंत सोरेन से जवाब खोज रही है, उन्होंने कहा की कई विकास के कार्य इस भ्रष्टाचार के सरकार में ठप पड़ गए है, वही भाजपा कांके विधानसभा के विभिन्न मंडलों, खलारी, पिठोरिया, बुढ़मू, ठाकुरगांव, कांके, मेसरा, गोंदा, बरियातू, कोकर मंडल में कार्यकर्ता लगातार जन संपर्क, पदयात्रा के माध्यम से जनता से अपील कर रहे है, मतदान करने का एवं प्रधानमंत्री मोदी के जन कल्याणकारी योजनाओं को बताने का काम कर रहे है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने एक्सपीरिएंशल लर्निंग के तहत पूर्वी यूरोप का भ्रमण किया

**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्र पूर्वी यूरोप की एक सप्ताह की एक्सपीरिएंशल लर्निंग के तहत शैक्षणिक भ्रमण पर गए। यात्रा की शुरूआत वारसॉ के आश्चर्यजनक मध्ययुगीन शहर के केंद्र से हुई, जिसमें मुख्य आकर्षण रहा चोपिन का स्मारक। इसके बाद टीम ऑशविज एकाग्रता शिविर में ऐतिहासिक तथ्यों को जानने के लिए आगे बढ़ी। उस भयावह घटना को दोबारा याद करना उनके लिए एक दुर्लभ अनुभव था। प्राग के आकर्षक पुराने शहर और चार्ल्स ब्रिज के साथ-साथ लुभावने दृश्यों के लिए छात्रों ने ब्रातिस्लावा कैसल तकयात्रा भी की। स्लोवाकिया के ओल्ड टाउन स्क्वायर की खूबसूरती ने छात्रों का मन मोह लिया। बुडापेस्ट के एक्वा वाटरपार्क, महल और फिशरमैन्स बैस्टियन ने टीम को रोमांचित कर दिया। स्थानीय बाजारों का दौरा कर छात्रों ने देश की संस्कृति को आत्मसात किया। पूर्वी यूरोप के समृद्ध इतिहास के संबंध में छात्र बहुत सी नई जानकारियों से समृद्ध हुए।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इस तरह की यात्राएं छात्रों को दूसरे देशों के इतिहास और संस्कृति से अवगत कराती हैं और साथ ही उन्हें हमारी अपनी और विदेशी परंपराओं के प्रति अधिक ग्रहणशील और अनुकूल बनाती हैं। इस प्रक्रिया में वे वैश्विक और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रक्रिया से गुजरते हैं, जो उन्हें वर्तमान चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तैयार करती है।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **Suraj Mahto, Vill. Jhinjhipahari, P.O. Katras, P. S. Katras, Dist. Dhanbad, Jharkhand - 828114**

Name of political party : **Samajwadi Party**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : **Essembly Election Jharkhand.**

Name of Constituency : **43 Baghmara**

I **Suraj Mahto** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

(A) Pending criminal cases

| SI No. | Name of court | Case No. And dated | Status of case (s) | Section (s) of Acts Concerned and Brief description of offence (S) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Ms Shivani Sharma J.M 1st Class Dhanbad. | CP CASE NO 2305 /2021 | Pending for Charge | 323/354B/341/448/504/506 /34IPC |
| 2. | Ms Nutan Ekka J.M 1ST Class Dhanbad | Tetulmari Ps No 45/2019, GR Case No 573/2020 | Pending for Apperence | 147/148/149/506/34 IPC |
| 3. | Ms Angelian John J.M 1ST Class Dhanbad | Katras Ps Case No 86/2015 GR Case No 1305/2015 | Pending for Charge | 148/149/323/353/384/387 452/427/511/120B IPC |

(B) Details about cases of conviction for offences

| SI No | Name of court (&) date (s) of orderd | Description of office (s)Punishment imposed | Maximum punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | CP Case No 1913/2016 Sri Rakesh Roshan J.M 1ST Class Dhanbad Dated 29-06-2024 | The Above Court hes Acquitted the petitioner on 15-02-2023 and Against the Acquittal Appeal No-167/2023 filed by the complainant name'd Gangadhar Rawani Which was Allowed 29-06-2024 Against the appellate court Jugement A criminal revision being No 19994/2024 has been filed. The said criminial revision No 19994/2024 is pending before the hon'ble Jharkhand High Court, Ranchi | 3 Months and fine Imposed Rs 20000/- And Also Imposed A Compensation of Rs 5,50,000/- and in Defoult of non payment of fine He shall go 1 month Imprisonment |

In Case of election to council of states of Legislative council by MLAs, Mention the election concerned in place of name of constituency.

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,राँची
विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024
(प्रशिक्षण कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

61-सिल्ली एवं 62-खिजरी विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding Officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling Officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling Officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling Officers) का तृतीय चरण (3rd Phase) का Party wise प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है:-

**प्रशिक्षण स्थल :- राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| Phase | Training Date | Shift | Time | Party No. | Duty |
|---|---|---|---|---|---|
| 3rd Phase Training | 15.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 61-0001 to 61-0200 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 61-0201 to 61-0335 | |
| | | 3rd | 03:00 PM to 05:00 PM | 62-0001 to 62-0200 | |
| | 16.11.2024 | 1st | 09:30 AM to 11:30 AM | 62-0201 to 62-0400 | Presiding Officers/1st Polling Officers/2nd Polling Officers/ 3rd Polling Officers |
| | | 2nd | 12:00 Noon to 02:00 PM | 62-0401 to 62-0476 | |

नोटः-

1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0आई0पी0. काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार Party wise सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling officers) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहन करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों (1st Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों (2nd Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों (3rd Polling officers) के विरूद्ध जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
-सह-
उपायुक्त,राँची

PR 339885 Ranchi(24-25).D  मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें

**ANNEXURE-27**
(CHAPTER 3, PARA 3.5)
FORMATS C-1 TO C-5
This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidate and upto two days before the date of poll

**Format C-1**
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate : **MAHENDRA PRASAD**, At+PO Gangpacho, P. S. Barkatha, Hazaribag, Jharkhand.

Name of political party : **Jharkhand Loktantrik Krantikari Morcha (JLKM)**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : **State Assembly Election, 2024**

Name of Constituency : **20 BARKATHA**

I **MAHENDRA PRASAD** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offences(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | SHRI MAYANK MALIYAZ | NAMKUM PS NO. 46/2024 | CHARGE SHEET NOT SUB MITTED | U/S 147, 148, 149, 353 307 186, 188, 332, 504 506, 427 IPC |
| 2. | CJM CHATRA CHATRA SADAR | CHATRA SADAR PS NO. 273/23 | " | U/S 143, 149, 349, 341, 342 447, 188, 290, IPC |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|

In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**ANNEXURE-27**
**(CHAPTER 3, PARA 3.5)**
**FORMATS C-1 TO C-5**
This may be published Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll
FORMAT C-1
*(for candidate to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in **WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)**

Name and address of candidate : **HARSH AJMERA, GOLA ROAD, BODDOM BAZAR, NEAR ORIENTAL BANK OF COMMERCE, THANA - SADA, HAZARIBAG, JHARKHAND, PIN - 825301**

Name of political party: **INDEPENDENT**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : **STATE ASSEMBLY ELECTIONS 2024**

*Name of Constituency: **25-HAZARIBAG**

I HARSH AJMERA (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my crirninal antecedents :

(A) Pending Criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(3) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Distt & Addl Sessions Judge-VI-CUM SPL JUDGE SC & ST ACT | 274/2024 | Under INVESTIGATION | Sec.-448/188/504/508 INDIAN PENAL CODE, SEC 3(I)(IV) (X)/3(s)(V) SC & ST ACT. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of Offence(S) & pubishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NOT APPLICABLE | NOT APLICABLE | NOT APPLICABLE |

*In the case of election of Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

**Note :**

1. The particulars regarding criminal cases pending against the candidate shall in bold letters.
2. The matter in newspapers shall be published in font size of at least 12.

Notarise 35298 Dated 26.10.24

**Format C-7**

**(for political parties to publish in the newspapers, social media platform and websited of the party)**

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected candidates, along with the reasons for such selection, and also as to why other individulas without criminal antecedents could not be selected as candidates. (As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) No. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536/2011)

Name of Political Party : **LOK ADHIKAR PARTY**

Name of Election : **36 Bokaro**

Name of State/Ut : **Jharkhand**

(1) Name of Constituency : **36 Bokaro**

Name of Candidate : **MD. SULTAN**

| S.No. | Criminal Attendants | |
|---|---|---|
| 1. | a) Nature of offence | State Vs Sultan & others |
| | b) Case no. | GR. - 940/17 |
| | c) Name of Court | CJM Divya Mishra, Bokaro |
| | d) Whether charger have been framed or not (Yes/No) | U/S 147, 148, 149, 452 427, 385, 120B, IPC |
| | e) Date of conviction, if any | No. |
| | f) Details of punishment undergone, if any | No. |
| | g) Any other information required | No |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (note more than 100 words). | On Bail |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (note more than 100 words) | No |

**Signature of office bearer of the Political Party**
**Name and designation**

# गोला में चाय चौपाल के माध्यम से लोगों से मिले सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मांगा समर्थन



**गोला।** गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने मंगलवार की सुबह गोला प्रखंड अंतर्गत चाड़ी पंचायत के रजरप्पा रोड हेरमदगा, मां छिन्नमस्तिक कॉलोनी, कुसुमडीह सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चाय-चौपाल के माध्यम से लोगों से मुलाकात की और विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए किए गए विकास कार्यों के नाम पर सुनीता चौधरी के पक्ष में अधिक से अधिक वोट करने की अपील की। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आपलोगों के स्नेह एवं आशीर्वाद से रामगढ़ में पुनः विकास का सूर्योदय होने वाला है। रामगढ़ के समृद्ध भविष्य के लिए आपलोग एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में 20 नवंबर को केला छाप पर वोट देकर विजय बनाएं। जनसंपर्क अभियान में समाजसेवी चंदर महतो, पूर्व पार्षद कपिलदेव मुंडा, प्रताप सिंह, लक्ष्मण सिंह, विक्रम सिंह, प्रीतम सिंह, चंद्रमोहन सिंह, अजीत सिंह, राजू सिंह, सुशील बुधिया उर्फ मुन्ना सेठ, राजू बक्शी, गुड्डू सिंह, शशि सिंह, दिलीप अग्रवाल, जयंत गुप्ता, अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, अयोध्या प्रसाद, अशोक कुमार, ज्ञाणेश्वर प्रसाद, जनकदेव महतो, सूर्यकांत ठाकुर, पंकज कुमार, अमित झा, अभिषेक झा, योगेंद्र नायक, गणपत नायक, सोमनाथ पंडा, अमरलाल महतो, हेमलाल महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 20 घंटे की मशक्कत के बाद भी नहीं उठी मृतकों की लाश, जारी है अधिकारियों की वार्ता

गोला। गोला थाना क्षेत्र के बंदा पंचायत के पिपराजारा गांव में दो घरों को बर्बाद करने वाला चोर मुखिया उर्फ राहुल बेदिया भी जिंदगी और मौत के बीच लड़ाई लड़ रहा है। इधर, घटना के विरोध में पिछले 20 घंटे से ग्रामीणों का आंदोलन लगातार जारी है। ग्रामीणों ने गोला-रजरप्पा पथ को जाम कर दिया है। साथ ही यह भी कहा है कि जबतक उनकी मांगें पूरी नहीं होगी, लाशें सड़क पर ही पड़ी रहेगी। ग्रामीण उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं और प्रशासनिक अधिकारी कानूनी प्रावधानों के अनुरूप सहायता राशि देने की बात कर रहे थे। गोला के अंचलाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वार्ता चल रही है। उनके साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद हैं। ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की जा रही है, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो।





### चार जिंदगी उजड़ गई, मुआवजे के लिए हो रहा आंदोलन

ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी प्रावधान के अनुसार जो मिलना है, वह तो मिलेगा ही। लेकिन जिस व्यक्ति की गाड़ी है और जिसने चार जिंदगियां उजाड़ दी, उसे भी पीड़ित परिवारों को सहायता राशि देनी चाहिए। गांव में धूमा मांझी की 45 वर्षीय पत्नी मुनिया देवी, 22 वर्षीय बहू बिलासी देवी, डेढ़ वर्षीय पोते निरंजन मांझी और संजय मांझी की 12 वर्षीय बेटी रोशनी कुमारी की मौत इस सड़क हादसे में हुई है। इसके अलावा तेज रफ्तार से आ रहे बोलेरो की टक्कर से 12 वर्षीय हेमंत कुमारी, 50 वर्षीय ठाकुर मनी देवी, 40 वर्षीय उर्मिला देवी, 12 वर्षीय रुपाली कुमारी, 40 वर्षीय पार्वती देवी और 18 वर्षीय लीला देवी भी घायल हुई है। उन सब का इलाज अस्पताल में कराया गया है।

### कैसे थाने से चोरों ने उड़ाली चौकीदार की बोलेरो

ग्रामीणों ने पुलिस पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। गोला थाना पुलिस ने घटनास्थल से जब्त बोलोरो जेएच 01बीजी 4500 की जांच की तो पता चला कि वह दो दिन पहले ही चोरी हो गई थी। यह चोरी किसी घर में नहीं, बल्कि रजरप्पा थाना परिसर से हुई थी। जिस गाड़ी की चोरी हुई थी, वह रजरप्पा थाने में पदस्थापित चौकीदार मनीष करमाली की है। ग्रामीणों को पुलिस की यह कहानी ही हजम नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस गाड़ी से पुलिस गश्त लगाती थी, वही गाड़ी इस घटना में शामिल है। पुलिस की कहानी में कोई सच्चाई नहीं है।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय लोकआस्था का महापर्व छठ शुरू

**बरकाकाना।** लोकआस्था का महापर्व छठ हर साल कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय-खाय के साथ शुरू होता है। इस बार चार दिवसीय महापर्व की शुरूआत पांच नवंबर से शुरू हो गया है। छठ पूजा के दौरान छठी मैया और सूर्यदेव की पूजा की जाती है। इस पर्व को संतान के लिए रखा जाता है। इस महापर्व के पहले दिन नहाय खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन अस्त होते सूर्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है इसके बाद व्रत का पारण यानि समापन किया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार,भगवान श्रीकृष्ण ने अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा को छठ पूजा करने की सलाह दी थी। तभी से महिलाएं यह व्रत कर रही हैं। इस दिन कद्दू की सब्जी बनायी जाती है। छठ पर्व में नहाय-खाय का विशेष महत्व और मान्यता है। इस दिन व्रती शुद्ध होकर सात्विक भोजन करती है नहाय खाय के दिन ही छठ में चढ़ने वाला खास प्रसाद ठेकुआ के लिए गेंहू को धोकर सुखाया जाता है।व्रतियों को नहाय-खाय के दिन सबसे पहले व्रती नदी या घर में स्नान करती हैं इसके बाद घर की साफ-सफाई की जाती है। इस दिन सेंधा नमक मे कद्दू की सब्जी, अरवा चावल और चना का दाल बनता है यह खाना घी में बनाया जाता हैं और सबसे पहले व्रती इस खाने को खाती हैं उसके घर के सभी लोग प्रसाद के रूप में इसे ग्रहण करते हैं। बता दें कि नहाय-खाय के दिन सात्विक भोजन किया जाता है। इसमें लहसुन-प्याज का इस्तेमाल वर्जित माना जाता है।

# विद्युत चोरी के आरोप में तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़।** विद्युत चोरी के आरोप में कनीय विद्युत अभियंता अनिल कुमार मार्डी ने तीन लोगों पर प्राथमिक की दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि छापामारी के दौरान शहर के गोरियारीबाग निवासी सोना प्रसाद पर 15500, दिनेश कुमार पर 15500 और शिबू कॉलोनी निवासी शैलेश कुमार सिंह विद्युत चोरी करते पकडे गए हैं। इधर, रामगढ़ पुलिस ने कांड संख्या 348/24 धारा 235/138 इलेक्ट्रिसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर ली है।

# रामगढ़ में 61 वां सतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ आज, तैयारी पूरी

### 10 दिनों तक आयोजित होगा संयुक्त महायज्ञ, 1963 में संयुक्त महायज्ञ की हुई थी शुरूआत

**रामगढ़।** आस्था व भक्ति का प्रतीक बांके बिहारी राधा रानी किला मंदिर के प्रांगण में 61 वां सतचंडी और श्रीरामचरित्र मानस नवाह्परायण संयुक्त महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को होगा। संयुक्त महायज्ञ की शुरूआत वर्ष 1963 में हुई थी। तब से लेकर निरंतर प्रत्येक वर्ष संयुक्त महायज्ञ शहर के धार्मिक श्रद्धालुओं के सहयोग से होता आ रहा है। उक्त बातें मंगलवार को किला मंदिर के प्रांगण में किला मंदिर प्रबंध समिति की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के अध्यक्ष अनुप कुमार, महासचिव प्रो संजय सिंह और मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा ने संयुक्त रूप से कही। उन्होंने कहा कि कार्तिक माह से अवसर पर दस दिनों तक संयुक्त महायज्ञ आयोजित होगा। महायज्ञ में बतौर यजमान आशीष अग्रवाल सपत्नीक होंगे। जबकि, बतौर आचार्य पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा होंगे। साथ ही दस विद्वान ब्राह्मण बतौर पाठकर्ता उपस्थित रहेंगे। 06 नवंबर को प्रातः काल श्रीगणेश पूजन, पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, सर्व वेदी पूजन, सतचंडी एवं अपराह्न में श्रीरामचरित्र मानस नवाह्परायण का पाठ होगा। जबकि, संध्या के समय प्रतिदिन हवन किया जाएगा। प्रतिदिन श्रीगणेश पूजन सहित अन्य देवी-देवताओं का पूजन होगा। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को हवन, अटूट भंडारा के बाद संयुक्त महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। उन्होंने कहा कि किला मंदिर प्रबंध समिति की देखरेख में संयुक्त महायज्ञ आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिलावासियों के कल्याणार्थ यह संयुक्त महायज्ञ आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर शहर के श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया कि संयुक्त महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बने और अपना उल्लेखनीय सहयोग महायज्ञ में प्रदान करें। जिससे महायज्ञ सफलता के साथ संपन्न हो सके। इधर, संयुक्त महायज्ञ की तैयारी पूरी कर ली गई है। भव्य एवं आकर्षक यज्ञमंडप का निर्माण पंडित मुरारी मोहन शर्मा के नेतृत्व में किया गया है।



# रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र ईवीएम मशीन का सकेंड रेंडमाइजेशन संपन्न

### निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना उद्देश्यःटीवी सुभाष



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक टीवी सुभाष एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार की उपस्थिति में रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग के लिए सेकंड रेंडमाइजेशन किया गया। सबसे पहले वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने 23 रामगढ़ के लिए तैयार ईवीएम की संख्या के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के द्वारा ईवीएम मशीन को मतदान केंद्रों के साथ टैगिंग करते सेकेंड रेंडमाइजेशन किया गया।

### ये थे उपस्थित

रेंडमाइजेशन के दौरान मुख्य रूप से निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, सहायक सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी मनीष चाहर समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

# निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने किया पदयात्रा, शहरवासियों से लिया आशीर्वाद

**हजारीबाग –** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने सोमवार देर शाम को शहर में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया। यह पदयात्रा डिस्टिक मोड से शुरू होकर विभिन्न मुख्य मार्गों और चौक चौराहों से गुजरती हुई पुराने समाहरणालय तक पहुंची। यात्रा के मार्ग में इंद्रपुरी चौक, झंडा चौक, पंचमंदिर चौक, ग्वाल टोली चौक, जय प्रकाश मार्ग, महावीर स्थान, मालवीय मार्ग, काली बाड़ी चौक, और बंशीलाल चौक शामिल थे। इस पदयात्रा के दौरान हर्ष अजमेरा का जगह-जगह आत्मीयता से स्वागत किया गया। शहरवासियों ने फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया और उनका जोशीला स्वागत किया।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव के तीसरे दिन निकाली गई प्रभात फेरी

### अउखी घड़ी न देखण देई, अपना बिरद संभाले .

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर तीसरे दिन मंगलवार को प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से शुरू होकर सुभाष चौक, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला स्थित सरदार गुरविंदर सिंह कालरा के आवास पहुंची। यहां कालरा परिवार के द्वारा साध-संगत का स्वागत किया गया। वही, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से सरदार गुरदीप सिंह सैनी द्वारा सरदार गुरविंदर सिंह कालरा को सरोपा देकर सम्मानित किया।





### प्रभातफेरी को दिखा उत्साह

प्रभातफेरी के तीसरे दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के महिला और महिलाएं शामिल हुए। प्रभातफेरी में साध-संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। जसकिरत सिंह सैनी निशान साहिब की अगुवाई कर निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। इस दौरान साध संगत नानक घर के गोले, किनका इक जिस जी बसावे, अउखी घड़ी न देखण देई, अपना बिरद संभाले जैसे सबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। साथ ही गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर अखंड पाठ की लड़ी का पहला पाठ सरदार स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के परिवार के द्वारा नए अखंड पाठ हाल में रखा गया।

### प्रभातफेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, तेजिंदर सिंह सोनी, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, कुलजीत सिंह कालरा, रमन सिंह कोहली, कशिश छाबडा, मनमोहन लांबा, अंकित कालरा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, गुरप्रीत सिंह,बजगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा, अंगद चंडोक, गुरजीत सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जौली, सुमी जौली, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर, मनप्रीत कौर सैनी, बलविंदर कौर, सतविंदर कौर सहित सिख समाज के कई महिला पुरुष शामिल थे।

# चौपारण के चयकला की घटना भारतीय संविधान पर प्रहार - मनीष जायसवाल

**हज़ारीबाग़ –** बरही विधानसभा क्षेत्र के चयकला की घटना भारतीय संविधान पर सीधा प्रहार है। यह अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। प्राथमिकी दर्ज होने के तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे राज्य सरकार की मंशा समझी जा सकती है। प्रशासन झारखंड सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। यह बात मंगलवार की शाम हजारीबाग के झंडा चौक स्थित अपने कार्यालय में सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि बरही भाजपा प्रत्याशी के प्रचार वाहन के पोस्टर-बैनर फाड़ दिए जाते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को उधर प्रचार नहीं करने की धमकी दी जाती है। बरही विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी का एक कार्यकर्ता वहां का मुखिया प्रतिनिधि अपने समर्थकों के साथ यह सब करता है और कार्रवाई नदारद। ऐसे में लोकतंत्र की परिभाषा कहां रह जाती है ? यह तो तानाशाही शासन है। इस बारे में वह चुनाव आयोग से हस्तक्षेप और दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हैं।

मौके पर बीजेपी सदर विधानसभा क्षेत्र की चुनाव प्रभारी सह भाजपा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और सांसद कार्यालय के विजय वर्मा मौजूद थे।

# हजारीबाग के बड़कागांव में चुनावी जनसभा में उमडा जन सैलाब

**हज़ारीबाग़ –** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नें हजारीबाग के बड़कागांव में विशाल जनसभा कों सम्बोधित करते हुवे लोगों से अपील किया कि हजारीबाग सें भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद व बडकागांव सें रौशनलाल चौधरी को कमल चिन्ह के निशान पर वोट कर विजयी बनायें। उन्होने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो नेक रहेंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के बड़कागांव में आयोजित विशाल जनसभा में सनातन धर्म के रक्षक, हिंदू हृदय सम्राट, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज का सानिध्य और आशीर्वाद पाकर अभिभूत और गर्व महसूस कर रहा हूँ। श्री प्रसाद ने कहा कि ठगबंधन की सरकार झारखंडियों को ठगने का काम किया है। झारखंड सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद किया। उन्होने कहा कि महाराज जी के आशीर्वाद से हजारीबाग में जरूर कमल खिलेगा। अंतिम पायदान तक खडें लोगों कों सरकार के योजनाओं का लाभ मिलेगा मोदी जी की गारंटी है।



# विधानसभा चुनाव के तैयारियों की भारत निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों ने की समीक्षा बैठक

### निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन को करायें सख्ती से पालनःप्रेक्षक

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों की समीक्षा को लेकर सामान्य प्रेक्षक 22 बड़कागांव वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र देवब्रत दास, व्यय प्रेक्षक, 22 बड़कागांव सुमेंदु कुमार दास, 23 रामगढ़ व्यय प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र पीयूष शुक्ला की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को जिला समाहरणालय परिसर स्थित टाउन हॉल में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

डीसी ने दी तैयारियों की विस्तृत जानकारी

बैठक में सबसे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी चंदन कुमार एसी-22 बड़कागांव एवं एसी -23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने का उद्देश्य की जा रही कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया।



**एसपी ने दी सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी :** बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टि से किए गए तैयारी की विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। वहीं, उन्होंने अंतरराज्य चेक नाका एवं जिले में बनाए गए चेक नाका के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। निर्वाचन के दृष्टिकोण से जिले में आने जाने वाहनों की बनाए गए चेक नाका में किए जा रहे चेकिंग के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने निर्वाचन के दौरान सेक्टर पुलिस पदाधिकारियो द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी गई।

**निवार्ची पदाधिकारी ने दी बूथों की जानकारी :** बैठक के दौरान निवार्ची पदाधिकारी 22 बड़कागांव दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बड़कागांव एवं केरेडारी अंतर्गत आने वाले बूथों के संबंध में जानकारी दी। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा बारी-बारी से चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने के उद्देश्य से बैठक में उपस्थित 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को निर्वाचन के दौरान किए जाने वाले कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी की दुविधाओं को भी दूर किया गया।बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 में चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों का सही से निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कोडरमा में

# एक वो औरंगजेब था जिसने देश को लूटा, एक यह आलमगीर है जिसने झारखंड को लूटा- योगी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता





**कोडरमा :** कोडरमा मंगलवार को कोडरमा के डोमचांच में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जोरदार निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने मुगल शासक औरंगजेब का जिक्र करते हुए जेल में बंद कांग्रेस नेता आलमगीर आलम पर हमला किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक औरंगजेब था जिसने देश को लूटा, एक आलमगीर है जिसने झारखंड को लूट लिया। उनके घर से नोटों की गड्डीया मिली थी। सभा को संबोधित करते हुए। योगी ने कहा, भाजपा देश की सुरक्षा की गारंटी है, देश के स्वाभिमान की गारंटी है, युवाओं के रोजगार की गारंटी है, महिलाओं के लिए सम्मान और स्वालंबन की गारंटी है, विरासत और विकास के समंवय की गारंटी भी है। जब कांग्रेस के लोग सत्ता में थे तब अयोध्या में दुर्व्यवस्थाएं थीं। राम मंदिर का निर्माण ना हो इसके लिए उनके द्वारा रोड़े अटकाए जाते थे। अयोध्या में अब 500 वर्षों के बाद भव्य दीपोत्सव मनाया गया। हर भारतवासी के लिए इससे ज्यादा सम्मान और क्या हो सकता है। सीएम योगी ने झारखंड के लोगों ने चुनाव के बाद अयोध्या जाने की गुजारिश की। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफियाओं को लेकर भी बयान दिया।

उन्होंने कहा कि 2017 के बाद यूपी में जो बुलडोजर चलना शुरू किया, उसके बाद से कुछ जेल में हैं और कुछ का राम नाम सत्य हो गया। यूपी से माफिया का सफाया हो गया है। यूपी से सब माफिया गायब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गधे के सिर से सींग गायब हो जाता है ऐसे ही अब यूपी में माफिया गायब हो गए हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पार्टी झामुमो पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जेएमएम वाले सरकारी नौकरी नहीं दे पा रहे है। भर्ती नहीं करवा पा रहे हैं। पर 5 साल में 5 लाख रोजगार देंगे हम। उन्होंने कहा कि भाजपा देश में सुरक्षा की गारंटी देती है। देश की सुरक्षा से समझौता नहीं कर सकते है। आज चीन की सेनाएं पीछे हट रही हैं। पाकिस्तान भारत का नाम सुनकर कांपता है। पाकिस्तान यूएन में कहता है, भारत हमला कर सकता है। सरकार ऐसी ही होनी चाहिए जिससे दुश्मन डरे। मोदी जी ने कश्मीर की समस्या का समाधान किया है। सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार से विकास होगा। जहां भाजपा की सरकारें वहां विकास हुआ। भाजपा ने विकास का एक मॉडल दिया। कांग्रेस सत्ता में रही देश में कुछ नहीं किया। गरीबों के लिए ईमानदारी से योजना नहीं चलाई। मोदी जी ने कहा, सबका साथ सबका विकास।

## भाजपा प्रत्याशी ने डुमरी के कई गांवो का किया सघन दौरा

**डुमरी :** भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत ने मंगलवार को डुमरी प्रखंड के कई गांवों का सघन दौरा करते हुए मतदाताओं से संपर्क किया। ग्रामीण मतदाताओं द्वारा कई स्थानों पर श्री भगत का जोरदार स्वागत करते हुए अपना समर्थन देने की बात कही। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुदर्शन भगत ने डुमरी प्रखंड के इरावल, दाबू, जुरमु, दंदारिया, दीना, नटावल, डुमरडांड, डानटोली, जैरागी, टांगरडीह,डुमरी आदि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया ।

उन्होंने होने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा को जिताने के लिए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाये गये कई जनकल्याणकारी योजनाओं और उससे ग्रामीणों को मिल रहे लाभों का जिक्र किया। उन्होंने झारखंड की झामुमो, कांग्रेस और राजद की मिलीजुली सरकार की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि आज हमारा प्यारा राज्य भ्रष्टाचार, बालू लूट, महिला अत्याचार, अपराध के लिए बदनाम हो चुका है। यहां तक की भ्रष्टाचार के मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए इनके नेताओं से अरबों की काली कमाई जब्त की । कई शीर्ष नेता जेल गये। यदि भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचार के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री भगत ने कहा कि खूद को बचाने और भ्रष्टाचार में एक दुसरे को साथ देने के लिए इंडी गठबंधन बना है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी की खटाखट वाली घोषणा से पुरे राज्य की महिलाएं खूद को ठगी हुई महसूस कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से झामुमो के लोकलुभावन नारों व घोषणाओं से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि आप भाजपा को जिताने में मदद करें।

भाजपा सरकार आपके कल्याण और हितों का पुरा ख्याल रखेगी। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। साथ ही लोगो से अपील करते हुए कहा कि क्रम संख्या 2 में कमल फूल छाप मे बटन दबाकर बिजय बनाएं। मौके पर आशुतोष सिंह, चंद्रबली प्रसाद, अनिल ताम्रकार, चंचल कुमार, संतोष कुमार भगत, अनिरुद्ध चौधरी, पवन केशरी, आनंद गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे ।

## एक नजर

### जमशेदपुर के पुलिस कर्मियों ने ली मतदान की शपथ

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने मंगलवार को कार्यालय परिसर में पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मतदान की शपथ दिलाई। इस समारोह में वरीय पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार शिवाशीष और पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को लोकतंत्र में मताधिकार की महत्ता पर जोर देते हुए जागरूक मतदाता बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों, विशेषकर पुलिस बल के कर्मियों का दायित्व है कि वे मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को जागरूक मतदाता बनने के लिए प्रेरित करना और नागरिकों को चुनाव में भागीदारी के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मियों ने मतदान के महत्व को समझते हुए ईमानदारी से मतदान करने की शपथ ली।

### बच्चों को मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है: मदन मोहन राम

**खूंटी :** झालसा रांची के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी द्वारा आरसी प्राइमरी गर्ल्स स्कूल मरांगहादा खूंटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा के पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों को नशे के कारण समाज में पड़ रहे दुष्प्रभावों जानकारी दी और कहा कि नशापान के कारण लोगों को आर्थिक, समाजिक, शारीरिक, मानसिक रूप से परेशानियां उठानी पड़ती है। हम सबको अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा, ताकि मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मादक पदार्थों की बिक्री गैरकानूनी है। मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री गैरकानूनी है। नशीले पदार्थ जैसे अफीम, गांजा की गैर कानूनी तरीके से खेती दंडनीय अपराध है, इसके लिए कठोर सजा का प्रावधान भी है। उन्होंने एक्सीडेंटल इंश्योरेंस के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करना चाहिए।

लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर में नियुक्ति विवाद

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, स्थानीय लोगों का पुरजोर विरोध

**चैनपुर :** लूथरन उच्च विद्यालय चैनपुर में नागरिक शास्त्र विषय के शिक्षक की नियुक्ति विवादों में घिर गई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव पा. नवीन निरेन बेक ने अपने साथी पा. वेलस लकड़ा की पत्नी रोशनी लकड़ा को नियुक्ति प्रक्रिया को ताक पर रखते हुए और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए नियुक्ति दे दी।

**नियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन**

इस नियुक्ति को लेकर पहले भी काफी बवाल हो चुका है और स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित प्रति गुमला के उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, और अनुमंडल पदाधिकारी को दी थी। काफी दिनों तक नियुक्ति प्रक्रिया को रोक दिया गया था। जिसके बाद प्रबंधन समिति के मिलीभगत से आदर्श आचार संहिता के दौरान मनचाहे कैंडिडेट को जोइनिंग करा दिया गया।

**स्थानीय लोगों ने किया पुरजोर विरोध**

स्थानीय लोग इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पा. वेलस लकड़ा ने अपना तबादला गुमला करा लिया और उसके बाद चार माह में ही नियुक्ति प्रक्रिया कर अपनी पत्नी को चयनित करा दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया आदर्श आचार संहिता के विरुद्ध है। इस मामले में स्थानीय लोगों ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपनी बात रखी है और नियुक्ति को रद्द करने की मांग की है।

## ड्यूटी में लगे जवान ने खुद को मारी गोली

**लोहरदगा :** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय स्थित अस्थाई कैंप में एसएसबी के एन जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान कर्नाटक राज्य निवासी अनप्पा दुग्गल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह विधानसभा चुनाव ड्यूटी करने पहुंचे जवान ने खुद के इंसास रायफल से गोली खुद को गोली मारी है। गोली लगने से जवान का सिर क्षत-विक्षत हो गया। घटना मंगलवार भोर 4.30 बजे की है।

## नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। 05 नवम्बर को नहाय खाय 06 नवम्बर को खरना 07 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा व 08 नवम्बर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्यअर्पित किया जायगा। इसके बाद पारण के साथ छठ पर्व संपन्न हो जायगा। मरकच्चो में छठ पर्व को लेकर भक्ति उल्लास एवं पवित्रता का वातावरण बन गया है। मंगलवार को व्रतियों ने नहा धोकर शुद्धता के साथ चावल दाल एवं 5 तरह की सब्जियां ग्रहण की। इसके बाद पूरे परिवार के सदस्य ग्रहण किए। छठ व्रतियों अब सीधे बुधवार की रात महा प्रसाद चढ़ाकर खरना करेंगी।खरना का प्रसाद घर के सभी सदस्य और अगल-बगल के अन्य लोग भी ग्रहण करेंगे। वही गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायगा तथा शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा। वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत विभिन्न गांवों के छठ समितियों के द्वारा छठ घाटों की साफ-सफाई लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है ।

## धूमधाम से हुआ भगवान चित्रगुप्त का विसर्जन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मरकच्चो :** मरकच्चो भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा विसर्जन सोमवार की देर शाम धूमधाम के साथ हुआ। इस अवसर पर चित्रांश महा परिवार मरकच्चो के लोगों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा शाम 7:30 बजे आकर्षक लाइटिंग आतिशबाजी एवं बाजे गाजे के साथ पूजा स्थल से निकाली गई जो पूजा स्थल से दुर्गा मंदिर होते हुवे बन्धन चौक पहुँची।बन्धन चौक से विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए रात्रि 10:30 बजे बाबु आहर पहुंची। यहां विधि विधान एवं मंत्र उच्चारण के साथ भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में काफी लोग शामिल हुए। इस मौके पर मुकुल चंद्र प्रसाद, दिलीप कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार सिन्हा , नवीन कुमार सिन्हा,रंजीत कुमार सिन्हा, सुधांशू कुमार सिन्हा,अभिषेक कुमार सिन्हा ,जय मंगल कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रेम कुमार सिन्हा, सन्नी कुमार सिंह,ऋषभ कुमार सिन्हा, नीलेश रंजन, सोनु कुमार सिन्हा ,आशु कुमार सिन्हा, मनजीत कुमार सिन्हा, मुन्ना कुमार सिन्हा, , राजन कुमार सिन्हा ,प्रियांशु कुमार सिन्हा ,पीयूष कुमार सिन्हा,केशव प्रसाद सिन्हा , ,ओम कुमार सिन्हा , किट्टू कुमार सिन्हा,गौरव कुमार

# सुरेंद्र मोदी का जनसंपर्क अभियान : 24 घंटे बिजली और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का वादा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बरकट्ठा :** जयनगर बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे सुरेंद्र मोदी ने जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता से संवाद करते हुए बड़े-बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें जनता का आशीर्वाद मिलता है और वे चुनाव में जीत हासिल करते हैं, तो वे क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के वादे किए। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि बरकट्ठा विधानसभा के हर गांव और घर को निर्बाध बिजली की आपूर्ति मिले। सुरेंद्र मोदी ने कहा कि बिजली क्षेत्र के विकास की रीढ़ है, और क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में रहना अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि वे सत्ता में आने पर बिजली की समस्या को सदा के लिए खत्म करेंगे।

उनकी योजना है कि क्षेत्र में एक मजबूत और आधुनिक बिजली आपूर्ति तंत्र स्थापित किया जाए, जिससे किसानों को खेती में मदद मिले और व्यापारियों को अपने व्यवसाय में बढ़ावा मिले। बिजली की समस्या का हल करना उनके चुनावी एजेंडे में सबसे ऊपर है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए वे सभी आवश्यक कदम उठाएंगे, ताकि बिजली कटौती की समस्या को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भी सुरेंद्र मोदी ने क्षेत्र की जनता से महत्वपूर्ण वादे किए। उन्होंने कहा कि बांझेडीह के अस्पताल को जिला सदर अस्पताल की तरह उन्नत बनाया जाएगा। अस्पताल में सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए शहरों का रुख न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी प्रकार के विशेष चिकित्सकों की नियुक्ति कराई जाएगी और सभी विभागों को आवश्यक उपकरणों से लैस किया जाएगा। सुरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण इलाज और सुविधाएं मिलें, चाहे वह किसी भी गांव का निवासी क्यों न हो।

## संक्षिप्त खबर

### नहाय खाय के साथ लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू



**कोडरमा :** कोडरमा लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। 05 नवम्बर को नहाय खाय 06 नवम्बर को खरना 07 नवम्बर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा व 08 नवम्बर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्यअर्पित किया जायगा। इसके बाद पारण के साथ छठ पर्व संपन्न हो जायगा। डोमचांच के विभिन्न क्षेत्र में छठ पर्व को लेकर भक्ति उल्लास एवं पवित्रता का वातावरण बन गया है। मंगलवार को व्रतियों ने नहा धोकर शुद्धता के साथ चावल दाल एवं 5 तरह की सब्जियां ग्रहण की। इसके बाद पूरे परिवार के सदस्य ग्रहण किए। छठ व्रतियों अब सीधे बुधवार की रात महा प्रसाद चढ़ाकर खरना करेंगी।खरना का प्रसाद घर के सभी सदस्य और अगल-बगल के अन्य लोग भी ग्रहण करेंगे। वही गुरुवार की शाम अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जायगा तथा शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा।

### चित्रांश महा परिवार के सदस्यों ने उठाया खिचड़ी महा प्रसाद का आनंद



**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित लाल नगर में आयोजित चित्रगुप्त पूजा के शुभ अवसर पर मंगलवार को चित्रांश महा परिवार द्वारा दोपहर में खिचड़ी महा प्रसाद का भोग लगाया गया।इसके बाद सह भोज का आयोजन किया गया।इस मौके पर पूरे चित्रांश परिवार के महिला पुरुष ने एक साथ बैठकर खिचड़ी महा प्रसाद खाने का आनंद उठाया। इसके पूर्व सोमवार को सामूहिक भोज का भी आंनद चित्रांश परिवार मरकच्चो के सदस्यों ने उठाया। आयोजन को सफल बनाने में चित्रांश परिवार के सभी सदस्य तन मन से लगे हुए थे।

### माता की पुण्य तिथि पर व्यवसायी ने विद्यालय में जाकर बांटा छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री



**मरकच्चो :** मरकच्चो व्यवसायी दीपक कुमार एवं पिंटु कुमार ने मंगलवार को अपनी माता स्व जानकी देवी की 8 वीं पूण्य तिथि पर नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पपाहरा एवं उत्तकर्मित प्राथमिक विद्यालय कर्बला नगर मरकच्चो में अध्ययन रत छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य सामाग्री व टॉफी का वितरण किया गया। व्यवसायी दीपक कुमार व पिंटू कुमार ने सर्वप्रथम माता स्व जानकी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात उपस्थित पूर्व सरपंच गोविंद शरण मोदी, कौशल्या देवी व उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उपस्थित गणमान्य लोगों के कर कमलों द्वारा सैकड़ो अध्ययनरत छात्र-छात्राओ को कॉपी, कलम,पेंसिल व टॉफी वितरण किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिनोद दास , अशोक कुमार दास, मोहन राम, पीयूष दक्ष, पीहू दक्ष, पूजा सोनी,सान्या दक्ष समेत विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# भारतीयों के लिए असुरक्षित होता कनाडा



राकेश अचल

**दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।**

भारत में चुनावी राजनीति में लोग एक -दूसरे के छक्के छुड़ाने में लगे हैं उधर सात समंदर पार कनाडा भारतीयों के लिए दूसरा पाकिस्तान बनता नजर आ रहा है। भारत ने कनाडा के ब्रैम्पटन में एक हिंदू पूजा स्थल पर खालिस्तान समर्थकों की तरफ से हमला करने के घटनाक्रम ने भारत और कनाडा के आपसी रिश्तों को भयंकर झटका दिया है। कनाडा में 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 1 लाख एनआरआई मौजूद हैं। ये दुनिया में सबसे बड़े भारतीय प्रवासी समूह में से एक है। कनाडा की पूरी आबादी में ये हिस्सेदारी करीब 3 प्रतिशत है।

भारत और कनाडा के रिश्तों में तनातनी की जड़ में खालिस्तानी तत्व हैं। दोनों देशों के प्रधानमंत्री हैं। भारत और कनाडा के आपसी संबंधों का मौजूदा दौर कई सवालों और चिंताओं को जन्म दे रहा है. हरदीप सिंह निज्जर की हत्या सुर्खियों में है, लेकिन दोनों देशों के ताल्लुक पेचीदगियों से भरे है। अच्छी बात ये है की इस समय भारतियों पर कनाडा में हुए ताजा हमले के मुद्दे पर हम सब एक हैं सोशल मीडिया पर जो वीडियो सामने आये हैं उसमें साफ तौर पर दिखता है कि हिंदू मंदिर के सामने पहले खालिस्तान समर्थकों की टोली गाड़ियों से आती है और खालिस्तानी झंडों के साथ वहां एकत्रित लोगों के साथ मारपीट करती है। वहां की पुलिस की बीच-बचाव करती दिखती है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुडो ने भी इस हमले मैंने से ही इंकार कर दिया है ,जबकि स्थानीय पुलिस ने इस मामले में दो-तीन लोगों की गिरफ्तारी की बात कही गई है।

पूजाघरों में इस तरह की घटनाएं सिहरन पैदा करतीं हैं । कनाडा में अगले वर्ष आम चुनाव है और कई लोगों भारत के साथ प्रधानमंत्री टुडो की नीतियों को उनकी राजनीतिक महत्वांकाक्षा से जोड़ कर देखते हैं। टूडो की नजर भारत से अलग पृथक देश खालिस्तान बनाने का सपना पालने वाले खालिस्तानी संगठनों से जुड़े वोटरों पर है। ऐसे में भारतीय समुदाय पर या धार्मिक स्थलों पर उनका हमला बढ़ने की आशंका है। भारत और कनाडा के बीच फिलहाल जो कड़वाहट घुली है, उसे दोनों देशों के रिश्तों का सबसे निचला स्तर बताया जा रहा है और ये दौर दोनों देशों के मौजूदा नेतृत्व कि क्षमताओं पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करता है। ये समझने कि जरूरत है कि अचानक ऐसा क्या हुआ, जो भारत और कनाडा जैसे दो मित्रदेशों के रिश्ते इतने बुरे दौर में पहुंच गए ? क्या कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में वाकई भारत सरकार का हाथ है और तीसरा, क्या टूडो का बयान पूरी तरह घरेलू वोटबैंक की राजनीति से प्रेरित है।



भारत-कनाडा रिश्तों का इतिहास खट्टा-मीठा रहा है। ये बनते-बिगड़ते रहे है। अत्तीत में झांककर देखें तो कनाडा-भारत संबंध,कनाडा और भारत गणराज्य के बीच द्विपक्षीय संबंध हैं। माना जाता है कि लोकतंत्र के लिए आपसी प्रतिबद्धता, बहुलवाद और लोगों के बीच परस्पर संबंधों पर आधारित हैं।कांग्रेस के शासनकाल में 2009 तक भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 4.14 बिलियन डालर का था। वर्षों पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 में हुए विस्फोट के बाद दोनों देशों के रिश्तों में जो कड़वाहट आई थी उसका असर दो दशकों रहा। आपको याद होगा कि 23 जून 1985... वो तारीख जब खालिस्तानियों ने एयर इंडिया की एक विमान को निशाना बनाया। इस विमान हादसे में 329 की हुई थी मौत, मरने वालों में 268 कनाडा के नागरिक थे। यह विमानन इतिहास में सबसे घातक आतंकवादी हमला था। खालिस्तानी आतंकियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए विमान पर हमला किया था। हमले के 39 साल पूरे होने के बाद भी कनाडा पुलिस हादसे की जांच नहीं कर पाई थी। इस हमले से पहले भी भारत द्वारा 1974 में हुए परमाणु परीक्षण ने दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में तल्खी पैदा हुई थी। कनाडा ने तब भारत पर कोलंबो योजना की शर्तों का उल्लंघन का आरोप लगया था ,हालाँकि 1990 के दशक के अंत में जाँ श्रेतियाँ और रोमियो लब्लैंक दोनों ने भारत की, पोखरण-2 परीक्षणों के बाद, संबंधों को एक बार फिर से अस्थायी रूप से रोक दिया गया था।मुझे याद है कि कनाडा के प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने 2012 में भारत का दौरा किया था। कनाडा और भारत बड़े पैमाने पर व्यापार करते हैं। भारत मुख्य रूप से कनाडा से दाल आयात करता है। उच्च शिक्षा के लिए भारतीय छात्रों के लिए कनाडा एक पसंदीदा स्थान है।इस बीच कनाडा में सिख आतंकवादियों द्वारा भारत विरोधी गतिविधियों में हुए इजाफे के दौरान कनाडा सरकार द्वारा अपेक्षित रोकथाम करने कथित कमी ने दोनों देशों के बीच तनाव पैदा कर दिया है

हाल के दशक में कनाडा ने नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान भारत में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा कर तनाव के नए बीज बोये । भारत ने इसके जवाब में कनाडा को झिड़की दी और साफ शब्दों में कहा कि कनाडा को अपने काम से काम रखना चाहिए और भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। पिछले साल 2023 में, जी-20 बैठक के बाद, कनाडा की टूडो सरकार ने भारत पर एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता, हरदीप सिंह निज्जर, जो खालिस्तान आंदोलन का हिस्सा था, की कनाडा में हत्या करने का आरोप लगाया। तब से अब तक रिश्तों में कड़वाहट इतनी बढ़ी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को देश निकला तक दे दिया। अब स्थिति ये है कि कनाडा ने तमाम हदें लांघते हुए भारत के गृहमंत्री तक पर गंभीर आरोप लगा दिए है। मुमकिन है कि इन आरोपों को लेकर 25 नबंवर से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में गहमागहमी रहे।

कनाडा और भारत के रिश्तों को समझने के लिए हमें बहुत पीछे जाना पडेगा, इतने पीछे जहाँ कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू खड़े नजर आने लगें। नेहरू को सदैव गालियां देने वालों को शायद ये पता नहीं होगा कि भारत और कनाडा के रिश्तों की नीव में नेहरू ही हैं मोदी नहीं। इतिहास बताता है कि आजादी के बाद से लेकर 1960 के दशक में कनाडा-भारत संबंधों को भारतीय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और दो वर्षों के दौरान सेवा करने वाले दो कनाडाई प्रधानमंत्रियों लुई सेंट लॉरेंट और लेस्टर बी पियर्सन के व्यक्तिगत संबंधों के कारण बढ़ावा मिला था। ये रिश्ते आज के पुतिन मोदी संबंधों जैसे कहे जा सकते है। इनकी तुलना नेतन्याहू और मोदी के निजी संबंधों से भी की जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र और राष्ट्रमंडल में कोरियाई युद्ध और स्वेज संकट जैसे विविध मुद्दों पर, भारत और कनाडा के बीच रुचि और प्रतिबद्धता का एक अनूठा उदाहरण है । । नेहरू के ही कार्यकाल में भारत के लिए कनाडा का सहायता कार्यक्रम 1951 में शुरू हुआ और कोलंबो योजना के तहत काफी बढ़ा। कनाडा ने भारत को खाद्य सहायता, परियोजना वित्तपोषण और तकनीकी सहायता प्रदान की। पिछले पांच दशकों में भारत, कनाडाई द्विपक्षीय सहायता का सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता रहा है, जिसकी राशि 3.8 बिलियन से अधिक कनाडाई डॉलर है। नेहरू के कार्यकाल में ही 1960 के दशक में, कनाडा ने कोलंबो योजना के माध्यम से कुंडाह हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर हाउसपरियोजना का समर्थन किया । लेकिन आज दोनों देशों के रिश्तों में इतनी कड़वाहट बढ़ गयी है कि इन्हें दूर करने में दशकों लग जायेंगे कम से कम मोदी और टूडो के रहते तो ये रिश्ते अब सुधरने वाले नहीं है। लौटकर मंदिर में श्रृद्धालुओं पर हुए ताजा हममले पर आते है। इन हमलों के खिलाफ पूरा भारत एक है । संसद में भी ये एकता दिखाई देना चाहिए।

दोनों देशों के बीच रिश्तों में कड़वाहट के बीच कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हमले को लेकर हम मोदी जी कि भूमिका से असहमत होते हुए भी उनके साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेहद सख्त लहजे में उन्होंने कनाडा की जस्टिन टूडो सरकार से कहा कि इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं है। हमारे हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह है। भगवान से प्रार्थना है कि वो दोनों देशों की सरकारों को सद्बुद्धि दे ताकि कनाडा भारत के लिए दूसरा पाकिस्तना न साबित हो।

## संपादकीय

# तलाशनी होगी वजहें

टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ ने भारत का तीन टेस्ट की सीरीज में सफाया करके यह दिखा दिया है कि भारत अब घर का भी शेर नहीं रहा है। भारत ने 2000 के बाद से घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी, जिसे पहला झटका इंग्लैंड़ ने 2012-12 में दिया था। अब यह झटका न्यूजीलैंड़ ने दिया है। भारत के पास 1960 और 70 के दशक में प्रसन्ना और बेदी जैसे स्पिनर होने पर भी भारत घर में ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंड़ीज और इंग्लैंड़ से सीरीज हारते रहते थे, पर 2000 के दौरान भारत ने घर में अजेय रहने वाली छवि बनाई थी। पर भारतीय टीम के हाल के घर के प्रदर्शनों को देखें तो यह साफ हो जाता है कि हमारे बल्लेबाज अब टर्निंग विकेट पर टिकने वाली क्षमता को खोते जा रहे हैं। इसकी एक प्रमुख वजह तो साल में ज्यादातर समय टी-20 क्रिकेट खेलना है। इससे खिलाड़ी विकेट पर टिकने वाली कला को भूलते जा रहे हैं। इस सीरीज में पहले सेंटनर और फिर एजाज पटेल ने भारतीय बल्लेबाजों की बारात निकालकर इस बात को साबित कर दिया है। सवाल यह है कि हमारे बैटर इस कला में पिछड़े.क्यों हैं। इस बात पर ध्यान देने से पता चलता है कि भारतीय टीम के प्रमुख बल्लेबाज लंबे समय से घरेलू क्रिकेट से दूर बने हुए हैं, इसलिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में आने वाली खामियों को सुधार करने का मौका ही नहीं मिलता है। अब हम कोहली को ही लें तो वह 2021 के बाद से स्पिन गेंदबाजी के सामने मुश्किल में नजर आ रहे हैं। बहुत संभव है कि विराट और रोहित पर उम्र का असर दिखने लगा हो। पर इस संबंध में सही तस्वीर इस माह के आखिर में शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर प्रदर्शन से ही सामने आएगी। बहुत संभव है कि भारतीय टीम के सीनियर बल्लेबाजों के बल्ले चमक बिखेरने में कामयाब हो जाएं। फिर भी इन सीनियर बल्लेबाजों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। भारत की इस करारी हार से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल खेलने की संभावनाएं तो कमजोर हुई हैं ही, साथ ही नये मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवालिया निशान लगने लगे हैं। भारत यदि ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से सीरीज हार जाता है तो फिर आलोचकों का मुंह बंद करना मुश्किल हो जाएगा। इस हार से विश्व टेस्ट चैपियनशिप में भारत के फाइनल में पहुंचने की संभावनाएं बेहद कमजोर हो गई हैं। भारत के लिए अब फाइनल खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराने की चुनौती है, जो असंभव नहीं तो मुश्किल जरूर है।

## चिंतन-मनन

# प्रार्थना की शक्ति का महत्व...

मनुष्य का जीवन उसकी शारीरिक एवं प्राणिक सत्ता में नहीं, अपितु उसकी मानसिक एवं आध्यात्मिक सत्ता में भी आकांक्षाओं तथा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए और कामनाओं का है। जब उसे ज्ञान होता है कि एक महत्तर शक्ति संसार को संचालित कर रही है, तब वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए, अपनी विषम यात्रा में सहायता के लिए, अपने संघर्ष में रक्षा के लिए आय प्राप्त करने के लिए प्रार्थना द्वारा उसकी शरण लेता है।

प्रार्थना द्वारा भगवान की ओर साधारण धार्मिक पहुंच, अपने को ईश्वर की ओर मोड़ देने के लिए यह हमारी प्रार्थनारूपी विधि हमारी धार्मिक सत्ता का मौलिक प्रयत्न है, और एक सार्वभौम सत्य पर स्थित है- भले ही इसमें कितनी भी अपूर्णताएं हों और सचमुच अपूर्णताएं हैं भी।

प्रार्थना के प्रभाव को प्राय? संदेह की दृष्टि से देखा जाता है और स्वयं प्रार्थना निरर्थक तथा निष्फल समझी जाती है। वैश्व संकल्प सदैव अपने लक्ष्य को ही कार्यान्वित करता है। वह सर्वज्ञ होने के कारण अपने वृहत्तर ज्ञान से कर्तव्य पहले ही जान लेता है, परंतु यह व्यवस्था यांत्रिक नियम से नहीं, बल्कि कुछ शक्तियों एवं बलों के द्वारा कार्यान्वित होती है।

यह मानव संकल्प, अभीप्सा और श्रद्धा का एक विशेष रूप मात्र है। प्रारंभ में प्रार्थना निम्न स्तर भी हमारे सबंध को तैयार करने में सहायता पहुंचाती है। मुख्य वस्तु इस प्रकार का साक्षात संबंध, मनुष्य का ईश्वर से संपर्क, सचेतक आदान-प्रदान न कि पार्थिव वस्तु की प्राप्ति।

अपनी मानसिक रचना के निर्माण के बाद यदि व्यक्ति अपने को ईश कृपा पर समर्पित कर देता है, और इसमें भरोसा रखता है, तो उसको अवश्य ही सफलता मिलेगी। यदि कोई ईश्वर की कृपा का मात्र आह्वान करता है, तो अपने को उसके हाथों में सौंप देता है, तो वह विशेष अपेक्षा नहीं करता। प्रार्थना को सूत्रबद्ध करके किसी वस्तु के लिए निवेदन करना होगा। व्यक्ति को यह सवाल नहीं करना चाहिए। यदि सचाई के साथ सच्ची आंतरिक भावना के साथ याचना की जाए तो संभव है- वह स्वीकृत हो जाए।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल



ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है।

पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है।

पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाईंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दर्शाती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दर्शाते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है।

पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। उन्होंने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे देश के युवा गुटका, चरस, गांजा, अफीम, स्मैक, शराब और भांग आदि के नशे में पड़ कर बर्बाद हो रहे हैं। इस कारण से वे आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से विकलांगता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। प्रेषकः

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# क्रिकेटः भुलाए नहीं भूलेगी यह हार



मनोज चतुर्वेदी

मुंबई के वानखेड़े. स्टेड़ियम पर तीसरा टेस्ट हारते ही भारत की उम्मीदों को ऐसा झटका लगा है, जिसका दर्द सालों साल महसूस होता रहेगा। भारत की इस हार से न्यूजीलैंड़ पहली बार अपने घर से बाहर तीन टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप करने में सफल हुई है। भारत का भी घर में सीरीज में सफाया पहली बार हुआ है। भारत इससे पहले 2012-12 में एलिस्टेयर कुक की अगुआई वाली इंग्लैंड़ टीम से घर में सीरीज हारी थी। इसके बाद से भारत ने लगातार 18 सीरीज जीतकर घर में अजेय योद्धा वाली छवि बना ली थी। पर टॉम लेथम की अगुआई वाली न्यूजीलैंड़ टीम ने भारत से सीरीज ही नहीं जीती बल्कि उन्हें एकदम से बौना बनाकर रख दिया। लेथम की टीम ने सीरीज जीतने का गौरव तो एक हफ्ते पहले ही पा लिया था। अब तो उसने सीरीज में क्लीन स्वीप करके केक पर आइसिंग लगाने का काम भर किया है। भारत की इस सीरीज में हुई थुक्का-फजीहत के कई कारण हैं। इन कारणों में प्रमुख रूप से गलत फैसले, विराट और रोहित जैसे दिग्गजों का फॉर्म में नहीं होना प्रमुख हैं। भारत के टी-20 विश्व कप जीतने और इस सीरीज के बीच करीब एक माह का समय था। इसलिए मुख्य चयनकर्ता चाहते थे कि प्रमुख खिलाड़ी मैच अभ्यास करने के लिए दलीप ट्रॉफी के कुछ मैच सीनियर खिलाड़ी खेलें। पर इस प्रस्ताव को टीम के सीनियर खिलाड़ियों ने सिरे से खारिज कर दिया। उनका मानना था कि घरेलू क्रिकेट में खेलने से उन्हें किसी तरह की प्रेरणा नहीं मिलती है। वे यदि दलीप ट्रॉफी में खेले होते तो बेहतर तैयारी के साथ इस सीरीज में उतर सकते थे। भारतीय टीम से जुड़े.सीनियर खिलाड़ियों ने शुरूआत में घरेलू मैचों में खेलने की बात मान ली थी। पर बाद में खेलने से इनकार कर दिया आर वह इस तरह लाल गेंद के किसी खास अभ्यास के बिना बांग्लादेश और न्यूजीलैंड़ के खिलाफ पांच टेस्ट में खेलने पर सहमति जता दी। हम अच्छे से जानते हैं कि भारत ने इंग्लैंड़ के खिलाफ घर में सीरीज हारने के बाद अगले 12 सालों में भारत द्वारा जीतीं ज्यादातर सीरीजों के जीतने में कप्तान रोहित शर्मा और विरोट कोहली के प्रदर्शनों की भूमिका अहम रही है। पर इस सीरीज के दौरान दोनों खिलाड़ी जरा भी रंगत में नहीं दिखे। विराट ने अपनी आखिरी 10 टेस्ट पारियों में सिर्फ 192 रन बनाए हैं। वहीं कप्तान रोहित शर्मा इतनी पारियों में 133 रन ही बना सके हैं। रोहित शर्मा यहां पेस गेंदबाजी का भरोसे से सामना नहीं कर पा रहे हैं तो विराट कोहली स्पिन गेंदबाजी, खासतौर से लेफ्ट ऑर्म स्पिनरों का सामना करने में असहज हो गए हैं। अब सवाल यह है कि क्या इन दोनों के विकल्प तलाशने का समय आ गया है। अब यह जोड़ी अगले ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांच टेस्ट मैचों में भी प्रदर्शन सुधार नहीं पाती है, तो फिर इन दोनों को बाहर करने की मांग जोर पकड़.सकती है। रोहित शर्मा बल्ले से तो फ्लॉप रहे और उन्होंने कप्तान के तौर पर भी कई खराब फैसले लेकर सीरीज में भारत की स्थिति दयनीय बनाने में अहम भूमिका निभाई। बेंगलुरू में खेले गए पहले टेस्ट में आसमान में छाए बादलों के बीच टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले की वजह से टीम को 46 रनों के शर्मनाक स्कोर पर आउट होना पड़ा। इस टेस्ट में भारत ने दूसरी पारी में पंत और सरफराज की 177 रनों की साझेदारी से स्थिति संभाल दी थी। पर बाद के बल्लेबाजों के ताश के पत्तों की तरह ढस्हने से भारत को हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद पुणेऔर मुंबई में पहले दिन से टर्न लेने वाली विकेट बनवाने के गलत फैसले ने सीरीज में सफाया कराने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस बात को अच्छी तरह से जानता था कि हमारे प्रमुख बल्लेबाजों को टनृिग विकेट पर खेलने में दिक्कत होती है। पर फिर भी आखिरी दो टेस्ट में इस तरह की विकेट बनवाने के पीछे का उद्देश्य समझ से परे है। सही मायनों में घर में स्पिन विकेट पर भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी 2023 से ही उजागर हो गई थी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भारत टनृिग विकेट पर नई दिल्ली में तो किसी तरह जीत गया था। पर इंदौर में उसकी पोल खुल गई थी। ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज में 1-2 से हारा सिर्फ अपनी खराब बल्लेबाजी की वजह से अन्यथा उसके गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजों के नकेल ड़ाले रखी थी। इस सीरीज में भी स्पिन के मददगार विकेट पर खेलते समय भारतीय बल्लेबाज तकनीकी रूप से कमजोर नजर आए। भारतीय टीम के मुंबई टेस्ट में 147 रनों का लक्ष्म नहीं प्राप्त कर पाने में न्यूजीलैंड़ के गेंदबाज लेफ्ट ऑर्म स्पिनर एजाज पटेल की भूमिका अहम रही। दिलचस्प बात यह है कि इस टेस्ट में 11 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज का जन्म मुंबई में ही हुआ है। यह उनकी गेंदबाजी का ही कमाल था कि भारत ने एक समय 29 रन पर पांच विकेट खो दिए थे। वह तो भला हो ऋषभ पंत का जो उन्होंने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी से भारत को एक समय जीत का दावेदार बना दिया था। पर वह विवादास्पद कैच की वजह से आाउट हो गए और भारत की उम्मीदें भी टूट गई।

## वागले की दुनिया में टेडी बियर के साथ एक रहस्यमयी पार्सल

**हजारीबाग** – सोनी सब का शो वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से में एक रहस्यमयी टेडी बियर आता है, जिसके प्राप्तकर्ता या भेजने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं होती। रहस्य तब और गहरा हो जाता है जब साई दर्शन की महिलाएं यह मान लेती हैं कि टेडी बियर उनके पतियों ने उन्हें भेजा है। वंदना वागले और राधिका वागले, जिनका अपने पतियों राजेश और श्रीनिवास के साथ झगड़ा हुआ था, उनका मानना है कि यह उनके पतियों द्वारा भेजा गया है। इस बीच साई दर्शन सोसायटी की अन्य महिलाएं भी आश्चर्य करने लगती हैं कि क्या यह उनके पतियों द्वारा भेजा गया था। प्रत्येक परिवार के सदस्य घर में कानाफूसी, अनुमान और मीठे, मूर्खतापूर्ण रोमांस की भावना शुरू हो जाती है। रहस्यमयी टेडी बियर का असली मालिक कौन है? टेडी के आने से एक मधुर और रोमांटिक मोड़ आता है, जो दिखाता है कि कैसे सबसे सरल चीजें भी उनके जीवन में बहुत खुशी और जुड़ाव पैदा कर सकती हैं।

## कुएं में डूबकर महिला की संदिग्ध मौत

**बरकट्ठा** – प्रखंड के तुर्कबाद गांव में एक महिला का कुएं में डूबकर सदिंग्ध मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना दो दिन पहले की है मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मृतक संजू देवी 21 पति मुकेश साव ग्राम तुर्कबाद थाना बरकट्ठा निवासी है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित परिवार की ओर से थाने में कोई आवेदन नही दिया गया। बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता ने किया रोड शो, मांगा समर्थन

**बरकट्ठा**– बरकट्ठा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रखंड के विभिन्न इलाको में रोड शो और जनसंपर्क कर समर्थन मांगा। वहीं प्रखंड मुख्यालय बाज़ार मोड़ के सामने चुनावी कार्यालय का उद्घघाटन किया। बंडासिंघा मोड़ में निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर मेहता का भव्य स्वागत किया गया। बंडासिंघा मोड़ से प्रचार वाहन के साथ दर्ज़नो गाड़ियों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी का काफिला बरकट्ठा जीटी रोड बाजार रोड होते हुए रोड शो किया गया। इसमें बरकट्ठा चौक, कोनहाराकला,महावर मोड़, झुरझुरी मोड़, सलैया ,पंचफेडी, गैड़ा, बरकनगांगो, कपका होते हुए चलकुशा प्रखंड के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया गया। श्री मेहता क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क कर टेंपो छाप क्रम संख्या 14 पर वोट करने की अपील की।

## पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष के नेतृत्व में कई युवा झामुमो में हुए शामिल



**बरकट्ठा** – प्रखंड मुख्यालय स्थित झामुमो आवसीय कार्यालय में पुर्व भाजपा युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रतन पासवान के नेतृत्व में कई युवा झामुमो में शामिल हुए। झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव प्रखंड अध्यक्ष कुदुस अंसारी और पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव ने पार्टी का पटा पहनाकर सदस्यता की शपथ दिलाई।कहा कि हमलोग हेमंत सरकार से प्रभावित होकर पार्टी में जॉइन किया ।सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने गरीबों को लिए कई कल्याणकारी योजनाएं जैसे बिजली बिल माफी,दो सौ युनिट बिजली फ्री, केसीसी ऋष्ठा माफी जैसे कई योजनाएं चला रही है जिससे हम गरीब को लाभ मिल रहा है। हम सभी झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सरकार बनाने के लिए झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव को वोट देकर विजय बनाएंगे। शामिल होने में ग्राम बरकनगांगो निवासी सुनील शर्मा, मुकेश ठाकुर, कैलाश कुमार ठाकुर, मनोज यादव, अशोक चौधरी, सुनिल कुमार, विजय यादव,प्रेम पासवान, सुनिल पासवान, सौरभ कुमार , विकास यादव, रामप्रवेश यादव, प्रदीप यादव, सुभाष यादव, पंकज यादव, अभिषेक यादव, दिलीप यादव, रविन्द्र यादव, संजय यादव, रोहित यादव, महावीर यादव आदि थे।

## छठ के नहाय खाय के दिन तालाब में डूबने से एक बच्ची का मौत



**चौपारण** – छठ के नहाय खाय के दिन प्रखण्ड के नीमा में तालाब में डूबने से एक बच्ची का मौत हो गई। वह तालाब में कुछ सहेलियों के साथ सुबह में नहाने गई थी। नहाने के दौरान ही वह तालाब में ज्यादा पानी की ओर चली गई और डूब गई। जिससे बच्ची ने तालाब में ही दम तोड़ दी। यह देख उसकी सहेलियों ने हल्ला की तो आसपास के लोगों ने दौड़ कर उक्त लड़की के शव को बाहर निकाला। बच्ची मधु कुमारी उम्र 14 वर्ष पिता गणेश गंझू ग्राम ढोढ़ीया की थी और वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए नीमा में रामावतार राणा के घर पर रहकर काम और पढ़ाई करती थी। वह प्रखण्ड के शहीद भगत सिंह उच्च विद्यालय झापा बिसनपुर की छात्रा बताई जाती है। इधर घटना की सूचना चौपारण पुलिस को मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ले गई। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या बच्ची की मौत तालाब में डूबने से होने की बात कही जा रही है। फिलहाल इसकी छानबीन की जा रही है।

## छठ घाटों में साफ सफाई व सुरक्षा का हो पुख्ता इंतेजाम - एसडीओ

**चौपारण** – मंगलवार को एसडीओ जोहन टुडु, डीएसपी अजीत कुमार, सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने प्रखण्ड के चयकला, मदगोपाली, कोरियाडीह, नावाडीह , ताजपुर सहित अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छठ घाट की साफ सफाई और सुरक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ जोहान टुड्डू ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ पर छठ व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी। इसको लेकर कई छठ घाटों पर पुख्ता इंतजाम होंगे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अपने अपने छठ पूजा के अवसर पर सफाई, पेयजल और अन्य सुविधाओं का खास ध्यान रखने को कहा। साथ ही छठ घाट तक जाने वाले मार्ग में लाइट की उचित ब्यवस्था भी करने को कहा। वहीं गोताखोरों को भी अलर्ट मोड़ में रहने को कहा ताकि किसी आपात स्थिति में तुरन्त सहायता मिल सके। इसके अलावा गहरे पानी वाले इलाकों में बैरिकेडिंग भी करने को कहा ताकि सुरक्षा बनी रहे। ज्ञात हो कि छठ महापर्व मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। आज शाम में खरना के बाद छठ व्रति 36 घण्टे निर्जला व्रत में रहेंगे। पहला अर्घ्य गुरुवार शाम को डूबते सूर्य और दूसरा अर्घ्य शुक्रवार सुबह में उगते सूर्य को दी जाएगी।

**निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने किया जनसंपर्क दौरा, शाहिद सुभाष बाला को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद**

# जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा और उनके सहयोग से हजारीबाग को एक नई दिशा देने का प्रयास करूंगा - हर्ष अजमेरा

**हजारीबाग** – निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने अपने चुनावी दौरे के दौरान मंगलवार को हजारीबाग क्षेत्र में कई स्थानों जिसमें हुरहुरू पहुंच कर जनता से संवाद किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों से सीधे बातचीत करना और उनकी समस्याओं को सुनना था। दौरे की शुरुआत शहिद सुभाष बारला की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा हमें अपने नायकों को याद रखना चाहिए, जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया। उनका योगदान हमें प्रेरित करता है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न मंदिरों में जाकर माथा टेककर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। महिलाओं का इस दौरे में विशेष उत्साह देखने को मिला। हर्ष ने स्थानीय महिलाओं से बातचीत की, जिन्होंने बेझिझक अपने मुद्दे सामने रखे। कई महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सुरक्षा से संबंधित समस्याएं व्यक्त कीं। प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपकी



समस्याओं का अवश्य समाधान होगा और उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह चुनाव जीतने पर इन मुद्दों पर गंभीरता से काम करेंगे। प्रत्याशी ने छड़ी छाप में जनता का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान, लोगों ने एक स्वर में कहा, इस बार छड़ी है हमारा एकमात्र सहारा, बदलेगा हजारीबाग का तकदीर। यह प्रतिक्रिया दर्शाती है कि जनता में बदलाव की आकांक्षा और प्रत्याशी के प्रति समर्थन बढ़ रहा है। हर्ष अजमेरा ने कहा मेरा लक्ष्य हजारीबाग की समृद्धि और विकास के लिए काम करना है। मैं जनता के मुद्दों को प्राथमिकता दूंगा और उनके सहयोग से हजारीबाग को एक नई दिशा देने का प्रयास करूंगा। दौरे के अंत में, हर्ष अजमेरा ने सभी से अपील की वे 23 नंबर की छड़ी को समर्थन दें, ताकि क्षेत्र की तकदीर को बदलने में सहायता मिल सके। उनके इस दौरे ने निश्चित रूप से स्थानीय जनता में उत्साह और समर्थन बढ़ाने का काम किया है।

## जनता के सुख दुख में हमेशा साथ रहा हूँ - मनोज यादव

**चौपारण** – बरही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने मंगलवार को चौपारण के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री यादव ने आश्रममोड़, बहेरा, पुरनाडीह, मानगढ़, महूदी, करमा, ठूठी, लोहंडी, नगवां,चक, वृन्दावन, कंकरोला, पडरिया, बसरिया, हथिया, ब्रह्मोरिया सहित कई गांवों का दौरा किया। श्री यादव ने कहा मैं चुनाव जीता या हारा पर हमेशा आप लोगों का साथ रहा और भविष्य में भी साथ रहने का बचन देता हूं। बरही में अनैतिक कार्य पर रोक लगाने के लिए भाजपा को साथ दीजिये। आपका एक एक वोट का कर्ज चुकाऊंगा। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा ने भी प्रखण्ड के कई गांवों में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इधर जनसम्पर्क में मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, राजेन्द्र चंद्रवंसी, सुधीर सिंह, राजदेव यादव, मुकुंद साव, रामस्वरूप पासवान,रामचन्द्र सिंह, मुखिया बीरेंद्र रजक,अर्जुन पांडेय, विकास यादव, अरविंद सिंह, पप्पू रजक, पूजा देवी, रेवा शंकर साव, समिति सदस्य जनार्दन सिंह, सहदेव यादव, युगल तुरी युवा नेता रंजन सिंह, राहुल रंजन, कृष्णा साव, राम सिंह, बिरजू ठाकुर,किशोर ठाकुर, केदार ठाकुर, मनोज मिश्रा, धर्मेंद्र ठाकुर, नरेश पासवान, पिंटू सोनी, सुनील शेखर, गुरुदेव दांगी, छोटू चंद्रवंसी, बिनोद ठाकुर,संतोष पासवान,रघुनी ठाकुर सहित कई लोग शामिल थे।

## बन्हें से जेरुवाडीह सड़क मरम्मति कार्य में बरती जा रही अनियमितता, प्रमुख और ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**टाटीझरिया** – प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत टाटीझरिया प्रखंड के बन्हें से जेरुवाडीह तक 7.200 किमी मुख्य सड़क मरम्मति का कार्य करोडों की लागत से किया जा रहा है। इस सड़क का शिलान्यास 25 सितंबर 2024 को सांसद मनीष जायसवाल, प्रमुख संतोष मंडल ने सम्मिलित रूप से किया था। सड़क मरम्मति में घोर अनियमितता बरती जा रही है। इस बात की शिकायत ग्रामीणों ने प्रमुख संतोष मंडल से किया, जिसके बाद प्रमुख ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों की शिकायत सुनी और सड़क का मुआयना किया। प्रमुख ने सड़क के घटिया निर्माण कार्य की शिकायत को सही पाया। प्रमुख ने कहा कि पुराने पिच को निकाल कर डस्ट, पत्थर भरकर पिचिंग किया जाना है। इसकी जानकारी उन्होंने इंजीनियर से भी लिया। बावजूद संवेदक के द्वारा मरम्मति कार्य में घोर अनियमितता बरता जा रहा है। पुराने पिच को जेसीबी से कोडकर बिना पिच



को हटाए रोलर चलाकर कार्य किया जा रहा है। डुमर पंचायत के उपमुखिया मुकेश कुमार मंडल, पंकज मंडल, शंकर प्रसाद, पप्पू कुमार, लालचंद प्रसाद, जगदेव मंडल, सुभाष प्रसाद, नारायण प्रसाद, लखन प्रसाद, प्रकाश प्रसाद का कहना है कि संवेदक द्वारा सडक मरम्मति का कार्य बिल्कुल घटिया किया जा रहा है। सड़क के निर्माण कार्य में सामग्री मानक व गुणवत्तापूर्ण नहीं है। जिस तरह से सड़क का निर्माण किया जा रहा है उसे देख कर ही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह सड़क जल्द ही अपने पुराने वाले स्थिति में आ जाएगा। प्रमुख और ग्रामीणों ने कहा कि घटिया मरम्मति कार्य की जांच हो और इसके लिए दोषी संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कानून सम्मत कार्रवाई हो। साथ ही मरम्मति कार्य कराने वाले कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस पर पहल नहीं किया जाता है तो वह सभी विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# नहाय खाय से शुरू हुआ आस्था का महापर्व छठ, आज होगा खरना

## बांस की बनी सूप-टोकरी की मांग में वृद्धि

**बजरंग सहाय**

**दारु** - लोक आस्था का महापर्व छठ कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को नहाय खाय के साथ प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर छठव्रती अपने निकटवर्ती नदी और तालाबों में स्नान कर शुद्ध और सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। छठ व्रतियों के घरों में आस-पास के लोग पूरे भक्तिभाव के साथ प्रसाद ग्रहण करने भी पहुंचे। आज, छठ पर्व के दूसरे दिन पंचमी को, व्रती खरना करेंगे। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को चावल, दूध, गुड़ से बने पकवान, ठेकुआ, तश्मय और रोटी को छठी मइया को अर्पण कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद 36 घंटे का कठिन



उपवास आरंभ होता है, जिसमें अगले दिन संध्या समय अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, और सप्तमी के दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात व्रत का समापन किया जाता है।

### बांस की बनी सूप-टोकरी का महत्त्व बढ़ा, मांग में वृद्धि

छठ महापर्व में भगवान भास्कर की पूजा के लिए बांस से बने सूप और टोकरी का अत्यधिक महत्व है। अर्घ्य देते समय व्रती बांस से बने सूप, टोकरी या दउरा का प्रयोग करते हैं, जिसमें प्रसाद सजाकर छठ घाट तक ले जाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, बांस से पूजन करने से धन और संतान का सुख प्राप्त होता है। इस कारण से छठ पूजा के अवसर पर बाजारों में हाथ से निर्मित टोकरी और सूप की मांग अत्यधिक बढ़ जाती है। व्रती इन सामग्रियों में पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की सारी सामग्री को सजा कर अपने माथे पर रखकर छठ घाट तक पहुंचते हैं। दारू प्रखंड के चिरुवा, अलोंजा, और मेढकुरी गांव में बांस से टोकरी और सूप बनाने का हस्तकला कार्य व्यापक रूप से होता है। ये कारीगर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर अपनी बनाई वस्तुएं बेचते हैं, साथ ही दारू बाजार, झुमरा बाजार और अन्य स्थानीय बाजारों में भी इनका विक्रय होता है। विशेष अवसरों पर ये कारीगर जिला मुख्यालय तक भी पहुंचते हैं। इस पारंपरिक व्यवसाय को इन कारीगरों के पूर्वजों से पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया जा रहा है, और इनके परिवारों का मुख्य भरण-पोषण इसी व्यवसाय से होता है। छठ पूजा से लगभग एक माह पूर्व ही ये कारीगर बांस खरीदना शुरू कर देते हैं। पूजा के समय बांस की कीमत 150 से 200 रुपये प्रति बांस तक पहुंच जाती है और सूप की कीमत बाजार में लगभग 150 रुपये होती है। बांस लाने के लिए इन्हें दूर-दूर तक पैदल या साइकिल से जाना पड़ता है। बांस को महीन रूप में काटकर परिवार की महिलाएं टोकरी और सूप बनाने का कार्य करती हैं, जो छठ पूजा के लिए विशेष रूप से तैयार की जाती हैं।

**संजय मेहता को मांडू में मिल रहा अपार जनसमर्थन**

## मांडू की जनता के प्यार का मैं ऋणी हूँ, इसकी अदायगी जरूर करूंगा - संजय मेहता

**चरही** – जेबीकेएसएस के केन्द्रीय अध्यक्ष सह मांडू विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी संजय मेहता लगातार चुनावी अभियान में लगे हुए हैं। वे जगह जगह जा कर जनसम्पर्क कर रहे हैं और अपने समर्थन में वोट मांग रहे हैं। सोमवार को उन्होंने चानो पंचायत एवं गाल्होवार पंचायत के कई ग्रामों का भ्रमण किया।इस दौरान समर्थकों ने उनका जगह जगह फूल ड्ड माला पहना कर स्वागत किया। श्री मेहता ने सभी से आशीर्वाद लेते हुए आगामी चुनाव में क्रमांक संख्या 18 के हेलमेट छाप पर वोट करने आह्वान किया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मांडू की जनता ने उन्हें जो प्यार दिया है वो उसके ऋ्णी हैं। यह ऋ्णा वो जरूर चुकाएंगे। उन्होंने लोकसभा में मांडू विधानसभा से मिले करीब एक लाख



वोटों के प्रति मांडू विधानसभा वासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मांडू की जनता को एक बार फिर हेलमेट पर बटन दबाने की आवश्यकता है। कहा मांडू के सुरक्षित और समृद्ध भविष्य हेतु जनता को एक बार फिर सुरक्षा की पहचान हेलमेट का निशान पर बटन दबाना होगा।

## कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने जनसपंर्क अभियान किया तेज, जीत का किया दावा

**चौपारण** – चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। प्रत्याशियों ने जनसपंर्क अभियान तेज कर दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने मंगलवार को प्रखण्ड के तीन दर्जन से अधिक गांवों में जनसम्पर्क कर मतदाताओं से अपने पक्ष मतदान कर जीत दिलाने की अपील की। इस दौरान वे मतदाताओं से वादा नहीं, विकास करेंगे का आश्वासन देते दिखे। साहू ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें लोगों का भरपूर सहयोग और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। निश्चित ही इस विधानसभा चुनाव में वह अपनी जीत दर्ज करेंगे। जनसपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने प्रखण्ड सिंघरावा मोड़ में स्वागत,सेवई,ओबरा,डुमरी चक, मलिकाना,गोबिंदपुर ,छोटकी चपरी,सिरमा सेलहारा खुर्द,टोइया, कारीपहरी, भटबीघा, सेलहारा चौक,चपरी, मायापुर, हरिजन टोला,



विश्राम,नरैना,पवई,केसठ, कमलवार, कुतलू, केंदुवा, नावाडीह, जगदीशपुर,गंगाआहर, पांडेयबारा, बेला,पिपरा,केवला,नया सिंघरावा, लेंढ़िया, करम तांड ,हजारीधमना, बच्छई, टिटहीं,सिंघरावा के मतदाताओं से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त की।

# बरकट्ठा में बागी और निर्दलीय प्रत्याशियों ने एनडीए, इंडिया गठबंधन की बढ़ाई मुश्किलें

**▶▶ आधे दर्ज़न से अधिक निर्दलीय चुनाव मैदान में लगा रहे जोर ▶▶ बरकट्ठा में चुनाव बढ़ रहा चतुष्कोणीय संघर्ष की ओर मतदाताओं के रुझान में है अलग अलग प्रत्याशी**

**बरकट्ठा** – बरकट्ठा विधानसभा के चुनाव में बागी और निर्दलीयों ने एनडीए, इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी है।चुनाव मैदान को दलों के बागी प्रत्याशी और निर्दलीय ने चुनाव को रोचक बना दिया है। चुनावी मैदान पर प्रत्याशियों के जोर आजमाइश से मतदाताओं के बीच रोमांच पैदा कर रहा है। मतदाता के बीच में चुनाव एक कौतूहल बन चुका है। चुनाव को लेकर प्रचार की रफ्तार तेज हो चुका है। भाजपा प्रत्याशी अमित कुमार यादव के पक्ष में तीन नवंबर को देश के गृहमंत्री अमित शाह और चार नवंबर को इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन मुर्मू ने जनसभा कर चुके हैं।कल्पना सोरेन ने जोशीला भाषण से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया।गौरतलब है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन के बड़े कद के नेता मतदाताओं को रिझाने में जुटाने है।अब देखना दिलचस्प होगा कि बड़े कद के नेता मतदाताओं को कितना रिझाने में कामयाब होंगे यह आना वाला समय में पता चलेगा। वहीं भाजपा से बगावत कर लोकहित अधिकार पार्टी से चुनाव लड़ रही कुमकुम देवी, निर्दलीय बटेश्वर मेहता, सुरेंद्र मोदी, अनूप चंद्रवंशी ने भी जोरशोर से चुनाव प्रचार अभियान चलाकर मतदाताओं को गोलबंद करने में जुटे हैं। कुमकुम और बटेश्वर ने प्रचार और जनसंपर्क कार्यक्रम में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव भी अपने पूर्व के विधायकी काल के पांच वर्षो के विकास कार्य को गिनाते हुए मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। झामुमो के स्टार प्रचारक के जनसभा में आई भीड़ को देखकर चुनावी मैदान में प्रत्याशी जानकी यादव और इंडिया गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता, समर्थक उत्साहित हैं। बरकट्ठा विधानसभा के चुनावी पीच पर बैटिंग और फीिल्डिंग के लिए 20 प्रत्याशी खड़े हैं। ऐसे में देखना है कि चुनावी मैदान के पीच पर किस प्रत्याशी का बल्ला 13 नवंबर को मतदान के दिन बूथों पर चलेगा। चुनाव में मतदाता किसे मैन ऑफ दी इलेक्शन बनाएंगे। हालांकि मतदाताओं के रुझान में अमित, जानकी, कुमकुम, बटेश्वर समेत अलग अलग प्रत्याशी देखे जा रहे हैं।

### निर्दलीयों ने चुनाव मैदान में ठोकी ताल, चुनाव को बनाया रोमांचकारी

एनडीए और इंडिया गठबंधन अपने कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के भरोसे जीत का दंभ भर रहे है।वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी दमखम के साथ चुनाव मैदान में डटी है। हर प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में लगी है।शाम ढलते ही चुनावी गणित की चर्चा चाय दुकानों और चौराहों पर देखा जा रहा है।

# नहाय-खाय के साथ लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरूआत

उमेश चौधरी

**लोयाबाद :** चार दिनो तक चलने वाले लोक आस्था का महापर्व छ्ठ नहाय-खाय के साथ मंगलवार को शुरूआत हुई । छ्ठ के महाप्रसाद के रूप मे कल खरना होगा। छठ पूजा हिन्दूओ के सबसे प्राचीन पर्व मे से एक है। यह खास कर बिहार,यूपी,झारखंड, बंगाल आदि जगहो मे धुम-धाम एवं निष्ठा पवित्र ढंग विशेष रूप से मनाया जाता है।यह पर्व हिन्दू कैलेन्डर विक्रम संवत में कार्तिक महीने के छ्ठे दिन और दीपावली के छह दिन बाद मनाया जाता है। जो शुक्ल चतुर्थी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल सप्तमी पर समाप्त है। नहाय -खाय कदू भात से शुरूआत होती है और सूर्य भगवान को उगते सूर्य भगवान अर्ध्य देकर समाप्त होती है।हिन्दू धर्म सभी त्यौहारो में छ्ठ पूजा सबसे कठिन माना जाता है। क्योंक्रि इसमे महिलाएँ 36 घंटे के निर्जला उपवास करती है। यह पर्व सूर्यदेव को समर्पित है। छठ पूजा महिलाओ के अलावे पुरुष भी करते है। यह पूजा अपनी पुत्र एवं परिवार की सुख समृद्धि और लम्बी आयु के लिए की जाती है। छ्ठ पूजा के पहला दिन नहाय - खाय शुद्ध कदू भात ,दुसरा दिन खरना,तीसरे शाम मे डुबते सूर्य को आर्ध्य और चौथे दिन सुबह मे भगवान भास्कर को उगते हुए आर्ध्य दिया जाता है। और छ्ठ पर्व समाप्त हो जाता है। इस दिन छ्ठ व्रती महिलाएँ एवं पुरुष सुबह मे नदी घाट तालाब घाट के जल मे खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य देती है और अर्ध्य के बाद सभी छ्ठ व्रतियों पारण करती है। वही ज्स पर्व मे सभी परिवार एक जगह जुटकर एक साथ छ्ठ पर्व मनाते है।



छठ के इस महापर्व में छठी मईया और भगवान सूर्य देव की पूजा की जाती है. पौराणिक कथा के अनुसार छठी मईया को ब्रह्मदेव की पुत्री और भगवान सूर्य की बहन कहा जाता है. छठी मईया को संतान प्राप्ति की देवी और सूर्य देव को शरीर का स्वामी या देवता कहा जाता है. पुराणों में माना जाता है कि जब ब्रह्म देव सृष्टि की रचना कर रहे थे, तब उन्होंने खुद को दो भागों में विभाजित कर लिया था. एक भाग पुरुष और दूसरा प्रकृति. जिसके बाद प्रकृति ने भी खुद को 6 भागों में विभाजित कर लिया, जिसमें से एक देवी मां हैं. आपको बता दें कि छठी मईया देवी मां का छठा अंश हैं, इसलिए उन्हें छठी मईया या प्रकृति की देवी के नाम से जाना जाता है.

भगवान सूर्य और छठी मईया से अपने पुत्र और परिवार की रक्षा और लंबी आयु की कामना के लिए 36 घंटे के इस पर्व पर व्रत रखा जाता है. हिंदू धर्म के सभी त्योहारों और व्रतों में छठी मईया की पूजा सबसे कठिन और फलदायी मानी जाती है. ऐसा माना जाता है कि जो कोई भी व्यक्ति पूरी आस्था, भक्ति और विश्वास के साथ इस पर्व को मनाता है और 36 घंटे का व्रत रखता है, छठी मईया और भगवान सूर्य खुद उसके पुत्र और परिवार की लंबी आयु की रक्षा करते हैं.

छ्ठ पर्व को लेकर लोयाबाद क्षेत्र के विभिन्न तालाबो सहित नदी आदि जगहो पर नगर निगम के द्वारा साफ सफाई करा दिया गया। वही मदनाडीह छ्ठ तालाब मे नवयुवको की मेहनत के वजह से इस वर्ष तालाब पानी भरा मिलेगा।और इस वर्ष किचड़युक्त मे छठ व्रतियो को अर्ध्य देना नही पड़ेगा। वही मदनाडीह छ्ठ तालाब,रानी तालाब ,एकड़ा नदी ,लोयाबाद 20 नंबर ,कोकप्लांट,पवार हाऊस आदि जगहो पर घाट बनाकर विधुत लाईट आदि से घाटो को सजा दिया गया। वही छ्ठ पर्व को लेकर लोयाबाद थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने सभी छ्ठ घाटो की निरीक्षण किए। और लोगो से अपील करते हुए कहा कि यह पर्व आस्था का महापर्व छ्ठ पर्व है। सभी लोग शांतिपूर्ण पर्व मनाने का काम करेगे।

## डीसी ने आसमान में लहराया हॉट एयर गुब्बारा, देगा मतदान करने की प्रेरणा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बोकारो :** आगामी 20 नवंबर 2024 को जिला अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों (34 गोमिया, 35 बेरमो, 36 बोकारो एवं 37 चंदनकियारी) में मतदान होना है। जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सिस्टेमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) कोषांग द्वारा लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्वीप को नोडल पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता/ शक्ति कुमार, मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि द्वारा हाट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया। लगभग 70 मीटर ऊंचाई से यह गुब्बारा आम से खास को मतदान के लिए प्रेरित करेगा। हॉट एयर गुब्बारा में मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे गए हैं और मतदान की तारीख (20 नवंबर 2024) का उल्लेख किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने इस हॉट एयर गुब्बारा को उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया है। इस दौरान मौजूद लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने और अपने घर परिवार के सदस्यों/आस झ पड़ोस के लोगों को मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करने की बात कहीं। उधर, अनुमंडल कार्यालय चास परिसर में भी निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर चास श्री प्रभाष दत्ता व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित हॉट एयर गुब्बारा आसमान में उड़ाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### लोयाबाद में छठ पर कद्दू की बिक्री जोरों पर, 50 से 80 रुपए तक रहा मूल्य



**लोयाबाद :** कोयलांचल में चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर लोयाबाद ,केन्दुआ बाजार में सब्जियों की दुकानों में सोमवार को काफी भीड़ देखी गयी। लोयाबाद केन्दुआ शहर में कद्दू 50 रुपए किलो, नया आलू 70-80 रुपये, धनियां पत्ती दो सौ रुपए किलो, पत्ता गोभी 60 तथा फूल गोभी 70 रुपए बिक रहा था। इसके अलावा हरी मिर्च 80-90 रुपए किलो, टमाटर 80 रुपए, भींडी 60 रुपए रूपए हो गया है। वही लोयाबाद बाजार में पूजा की दुकानें सज गई है। वहीं दूसरी ओर लोयाबाद शहर के विभिन्न छठ घाटों की साफ सफाई पूरी कर ली गयी है। लोयाबाद के एकड़ा नदी एवं रानी तालाब सूर्य मंदिर स्थित मदनाडीह तालाब घाट पर जहां हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य देने आते हैं। उक्त घाट की पूरी तरह से साफ सफाई कर पीट वाटर से नदी में पानी भरा जा रहा है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। क्षेत्र में जगह जगह रंग बिरंगे विद्युत सज्जा, तोरणद्वार लगाने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

### मतदान कार्य प्रभावित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : सिटी एसपी



**बलियापुर:** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को सीटी एसपी अजीत कुमार ने बलियापुर बोर्ड मध्य विद्यालय बूथ संख्या 313, 314 एवं 318 का निरीक्षण किया। सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि क्षेत्र के अतिसंवेदनशील बूथों का जायजा लिया जा रहा है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने की अपील की। मतदान कार्य प्रभावित करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने की बातें कही। मौके पर सिंदरी डीएसपी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी आशीष भारती आदि मौजूद थे।

### डीवीसी चंद्रपुरा में मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न




**चंद्रपुरा :** दामोदर घाटी निगम ( डीवीसी) चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन और सतर्कता विभाग द्वारा मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न हो गया । यहां के तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में कल शाम आयोजित एक समारोह के संबोधन में वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान श्री विजया नंद शर्मा ने कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए सत्यनिष्ठा, सतर्कता और जागरूकता को अपनाना अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि सत्यनिष्ठा से किए गए कार्यों को सफल होने में कोई रोक नहीं सकता । शर्मा ने कहा कि संस्थान की उन्नति के लिए भी सत्यनिष्ठा सतर्कता और जागरूकता का अनुपालन करना जरूरी है। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री राम प्रवेश साह ने कहा कि मनुष्य को नैतिक मूल्यों और जवाब देही का अनुपालन करना भी आवश्यक है । उन्होंने कहा कि संस्थान और समाज के विकास के लिए हमें उपर्युक्त संवेदनशील मुद्दों पर हमेशा सतर्क रहने की जरूरत है। कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है, इन्हें सत्य निष्ठा और सतर्कता के महत्व से अवगत कराना हम सभी का दायित्व है। वरिष्ठ महाप्रबंधक श्री अविजीत घोष ने कहा कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का महत्व हमारे जीवन में अमृत के समान है । संस्कृति में उक्त शब्द का महत्व को घुल - मिल जाने से मनुष्य, समाज और देश का विकास होने में विलंब नहीं होगा । उन्होंने कहा कि कोई भी कानून कार्य के संपादन में सहयोग करने के लिए बना है । अगर कोई जान बूझकर गलती करता है तो कानून के तहत उसे सजा देने का भी प्रावधान है । समारोह का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक घोष ने किया समारोह को के एम प्रियदर्शी, दिलीप कुमार, आर आर ओझा , राजकुमार चौधरी आदि ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर पूर्व में आयोजित कई प्रतियोगिता में भाग लेने वाले डीवीसी कर्मियों संजीव, कुमार , बसंत कुमार महापात्रा , विनोद कुमार, मुकेश कुमार , सुबोध कुमार पासवान , कार्तिक कुमार महतो, अभिनंदन कुमार, रवि रंजन सिंह, रामजी रजक, राम सुधिष्ट स्नेही, चंदन कुमार, पवन कुमार, रंजीत कुमार चौबे, अक्षय कुमार, गुलाम मोईनुद्दीन राजू गोराई, तनुश्री गोराई, प्रतिमा कुमारी, रिया गोराई, तन्या कुमारी, करीना कुमारी , नेहा कुमारी, आदि को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर सुमन कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पूर्व पूर्वाह्न यहां के पोपलो ग्राम पंचायत में इससे संबंधित एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों और बच्चों ने भाग लिया। लोगों ने सत्यनिष्ठा का शपथ लिया । इस अवसर पर पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो आदि उपस्थित थे।

## राजपरिवार ने रोहित यादव को दिया समर्थन, कहा बदलाव जरूरी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कतरास:** बाघमारा विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी रोहित यादव के पक्ष में पप्पू दुबे ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ मंगलवार बाघमारा विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने जमडीहा राजपरिवार से मुलाकात कर रोहित यादव का समर्थन करने का आग्रह किया। वहीं राजा मोहन मुरारी सिंह के पुत्र सह जिला परिषद सदस्य मुरारी मोहन सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ रोहित यादव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लेते हुए कहा कि बाघमारा में परिवर्तन जरूरी है। इधर राजपरिवार के दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पप्पू दुबे ने कहा कि अब बाघमारा में गुंडाराज नाय चलतो। यहां गरीब मजदूर व सभी समुदाय के लोग एकजुट होकर रोहित यादव को विधायक बनाने में तन-मन-धन से लग चुके है। जनता का जोश बता रहा है कि इस बार बाघमारा के सभी प्रत्याशियों का जमानत जप्त कर जनता रोहित यादव को सिलाई मशीन छाप में वोट देकर विजय करेंगी।

### ग्रामीण एकता मंच द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा

**लोयाबाद :** धनबाद विधानसभा चुनाव 2019 में तीसरे नंबर पर रहें निर्दलीय प्रत्याशी एवं ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने मंगलवार को गोपालीचक 2 नंबर स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर धनबाद विधानसभा चुनाव में मंच द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा की। मंच के अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि धनबाद विधानसभा में पार्टी कांग्रेस प्रत्यासी अजय कुमार दुबे अपना समर्थन देते हुए दम खम के साथ चुनावी प्रचार करने की बात कही।

## सिंदरी में तारा देवी ने झोंकी जनसंपर्क में ताकत, गांवों का किया तूफानी दौरा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**सिंदरी :** झारखंड विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण 20 नवंबर में सिंदरी विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। एनडीए एवं भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के द्वारा जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क को तेज कर दिया है।

गांवों का तूफानी जन-संपर्क सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी तारा देवी कार्यकताओं के द्वारा लगातार अपनी पूरी ताकत झोंक रहें हैं। सिंदरी विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या १ में कमल निशान पर मतदान करने का अपील कि । विधायक कार्यकाल में विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति में जो रफ़्तार और प्रगति प्रदान किया है उसे आगे बढ़ाने झारखंड में स्थिर और डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुने। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ छला है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ जारी हुआ।

तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पक्ष में आगामी २०, नवंबर को होने वाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की गई।

सरकार बनते ही हम अपनी घोषणा अनुरूप राज्य और राज्य वासियों के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करेंगे। भाजपा प्रत्याशी तारा देवी ने कहा कि हमेशा आपके दुख सुख का सहभागी रही है और आशीर्वाद मिला तो विधायक बनकर आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगी।

एनडीए एवं भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के द्वारा विभिन्न गांव में विधानसभा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वहीं तारा देवी ने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत का नाम रौशन करने का काम रहे है। ठीक उसी प्रकार झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार फुल बहुमत की सरकार बनेगी और ऐसे भ्रस्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का काम जनता करेगी। 2024 के विधानसभा चुनाव में यह संकल्प के साथ परिवर्तन करना है और जनता परिवर्तन चाहती है। इसी संकल्प के साथ इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय होंगे ऐसा मुझे विश्वास है। परिवर्तन तय है।

## कांग्रेस पार्टी के पक्ष में निष्ठा और वफादारी से कार्य करें कार्यकर्ता : संतोष सिंह

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बाघमारा :** डुमरा सायर बांध तालाब स्थित मंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान धनबाद जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बूथ को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो के निदेर्शानुसार पार्टी द्वारा अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ प्रचार प्रसार करने वाले नौ कार्यकताओं को पार्टी से छः वर्षो के लिए निष्कासित कर दिया गया। जिसमे झरिया से अशोक बर्नवाल, एसके साही, कालीचरण यादव, अशोक मोदक तथा बाघमारा विधानसभा से रोहित यादव, जावेद राजा, रामबचन पासवान, दुर्गा रवानी, रविंद्रनाथ पांडे शामिल है। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे जो काम कर रहे है उसे चेतावनी देना चाहते है की सारे पर नजर रखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी के पक्ष में निष्ठा ओर वफादारी से कार्य करे नही तो वह भी लपेटे जाएंगे। उन्हें भविष्य में कांग्रेस पार्टी में जगह नहीं दिया जायेगा। इस बार धनबाद में 6 विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से जीत हासिल होगी। बाघमारा में ढुलू महतो के आतंक से जनता त्रस्त है।कार्यकारणी अध्यक्ष रशिद राजा अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सबसे पुरानी पार्टी है यह अनुशासन से चलती है। अभी भी चुनाव में पंद्रह दिन समय है। इस बार पूर्ण बहुमत से जीतेगे। आलाकमान का जो आदेश है वह सर्वोपरी है। पार्टी घर वापसी बंद कर दिया है। मौके पर जिला महामंत्री लगनदेव यादव, प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो, टीपी पांडेय, भोला रजवार, धनेश्वर ठाकुर इत्यादि मौजूद थे।

### झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी का चुनावी दौरा

**ऊपरघाट(बेरमो) :** डुमरी विधान सभा के ऊपरघाट के नारायणपुर पंचायत, गोनियाटो पंचायत और पेंक पंचायत में इंडिया गठबंधन के झामुमो के डुमरी विधान सभा के प्रत्यासी बेबी देवी के पक्ष चुनावी दौरा किया गया। जिसका नेतृत्व झामुमो नेता सह मंत्री पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो कर रहे थें। जहां ग्रामीणों का भारी समर्थन मिला। इस दौरान अखिलेश महतो ने कहा कि स्वर्गीय जगरनाथ महतो पूरे डुमरी विधान सभा के साथ साथ ऊपरघाट में विकास की धारा बहाई है।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों में किया प्रवास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बोकारो :** मंगलवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बोकारो विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों का प्रवास किया।प्रवास प्रातः साढ़े आठ बजे से जोधाडीह मोड़ से शुरू हुआ जहां बावरी मुहल्ले में मां मनसा मंदिर में दर्शन के पश्चात प्रतापपुर साइड,कुशलबंधा,हरि मंदिर,एन एम काली मंदिर होते हुए कैवर्ट टोला हरला मनसा मंदिर में स्थानीय निवासियों से मिलने के दौरान समस्याओं से अवगत हुई उसके निराकरण का आश्वाशन दिया वही श्वेता सिंह ने ग्राम पारटांड़ स्थित झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता झारखंड आंदोलनकारी एवं छेत्र के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्व राजेंद्र महतो के पुण्यतिथि पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया और कहा कि स्व राजेंद्र महतो जी के विचारों को हम सभी आत्मसात करेंगे, जिससे कि हमारे छेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके, और उनके द्वारा देखा गया विकसित बोकारों का सपना पूरा कर सके।इसी क्रम में संगजोरी,कुलटांड़ पत्थरकट्टा विस्थापित चौक में पदयात्रा कर महिलाओं एवं बुजुर्गों से मिली सभी ने अबुआ आवास योजना,मईया सम्मान योजना एवं वर्तमान राज्य सरकार के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं से संतुष्ट होने की खुशी जाहिर की।वही जनवृत 01 विकाश नगर,कार्तिक नगर,आमबेडकर नगर में जनसंपर्क किया गया,, जहां क्षेत्र की जनता ने पेयजल संबंधित समस्या से अवगत करवाया।श्वेता सिंह ने कहा आम जनता का आपार स्नेह और प्रेम जो मिल रहा है, वह अविस्मरणीय है सभी लोग पूर्व से ही हमारे परिवार के सेवा भाव से अवगत है।पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे परिवार ने बोकारो की जनता को अपने परिवार के तौर पर तरजीह दी हैं और बिना किसी भेदभाव के एक लक्ष्य की तरह सेवा करते रहे हैं।

## बोकारो प्लांट में आयोजित सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बेरमो :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन हो गया । उक्त कार्यक्रम बोकारो थर्मल प्लांट के अन्दर तकनीकी भवन सम्मेलन कक्ष में पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। यह डीवीसी की ओर से 28 अक्टूबर से शुरूआत डीवीसी के अधिकारियों द्वरा किया गया था । यह आयोजन सत्य निष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि की विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया।इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ,कर्मचारियों तथा विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ महाप्रबंधक (एफजीडी) एसएन प्रसाद महा प्रबंधक (ओ एम एम) सुदीप्तो भट्टाचार्या तथा उप महाप्रबंधक शोभित धारा , अजय केस , राजीव सिल , सौमेन मंडल, अखिलेश सिंह , एसपी महापात्रा , बी.जी. होलकर एवं डॉक्टर संगीता देवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मो. तारिक सईद, प्रबंधक (सतर्कता) द्वारा किया गया । कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक मंडली ने अपने उद्गार के शब्दों से सभागार को बहुत सी बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया तथा धन्यवाद ज्ञापन बी.जी. होलकर, उप महा प्रबंधक (प्रशासन) ने दिया और मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद के अनुमति से कार्यक्रम का समापन घोषित किया गया।

## छठ के मद्देनजर डीएसपी ने घाटों का किया निरीक्षण



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लोयाबाद :** छठ पूजा के मद्देनजर आम जन की सुरक्षा व विधि व्यवस्था संधारण हेतु पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) नौशाद आलम ने मंगलवार को पुटकी थाना एवं भागाबाँध ओपी अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ने क्राउड मैनेजमेंट, घाट पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, आम जन की सुरक्षा व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती समेत विभिन्न सुरक्षा पहलुओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए । मौके पर पुटकी एवं भागाबांध ओपी थाना प्रभारी सहित पुलिस बल मौजूद थे।

## एक नजर

### खाली माइंस ट्रक ने धक्का दिया, बाईक सवार युवक घायल, गुमला रेफर

बिशुनपुर : बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित विकास भारती के पास खाली बॉक्साइट ट्रक ने बाइक सवार युवक को धक्का मार दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेहे कुंबाटोली निवासी 18 वर्षीय राकेश भगत मंगलवार को अपने घर के पास बाइक में खड़ा था। तभी लोहरदगा की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बॉक्साइट ट्रक ने उसे धक्का मार दिया। जिससे वह गिर गया और उसके पैर एवं माथे में गंभीर चोटें आई।

### चैनपुर प्रखंड प्रशासन द्वारा छठ घाट की कराई गई साफ सफाई

चैनपुर : आस्था का महापर्व छठ पूजा की व्यापक तैयारी शुरू हो गई है। छठ के गीतों से पूरा चैनपुर प्रखंड गूंज रहा है और पूरा प्रखंड भक्तिमय हो गया है। वहीं चैनपुर प्रखंड प्रशासन एवं चैनपुर प्रखंड के मुखिया शोभा देवी एवं जिला परिषद मेरी लकड़ा के द्वारा चैनपुर के छठ घाट सफी नदी में युवक के पहल व जेसीबी मशीन के द्वारा घाट की साफ सफाई करायी गयी। मुखिया शोभा देवी, जिला परिषद मेरी लकड़ा, और संदीप टेटे ने बताया कि छठ पूजा में घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के लिए घाट को दुरुस्त कराया जा रहा है। ताकि श्रद्धालु अच्छे से पूजा अर्चना कर सके और उन्हें कोई परेशानी न हो। इस दौरान छठ पूजा समिति के लोगों के द्वारा बताया गया कि घाट पर पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।वही मौके पर जिप सदस्य मेरी लकड़ा,मुखिया शोभा देवी, बीपीआरओ संदीप टेटे, सीआई चैनपुर, छठ पूजा समिति सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी के द्वारा डुमरी छठ घाट की करायी गयी साफ सफाई

डुमरी : डुमरी के थाना प्रभारी अनुज कुमार के देख रेख में मंगलवार को छठ घाट के जाने वाले रास्ते की मरम्मति करायी गयी। सोमवार को थाना प्रभारी और हिन्दू समाज के लोगों द्वारा बासा नदी स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया गया था। रास्ते की स्थिति ठीक नहीं थी ,इसे देखते हुए थाना प्रभारी के द्वारा मंगलवार को जेसीबी लगाकर खराब सड़क का छठ पूजा के लिए आने जाने वाले छठ व्रतियों के सुविधा के लिए ठीक कराया गया। थाना के जवानो के द्वारा भी पूरे छठ घाट की साफ सफाई की गई। आसपास पहले से फैली गंदगी की भी साफ सफाई की गई ताकि छठ महापर्व को लेकर किसी भी छठव्रतियों को किसी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े। मौके एसआई आनंदी साहू, विजय केशरी, श्रवण सिंह, नितिश केशरी,उमेश ताम्रकार, अमित सिंह, संदीप केशरी , पुलिस जवान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### नहाए खाए के साथ छठ महापर्व शुरू

**डुमरी :** डुमरी प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में नहाए खाए के साथ चार दिवसीय छठ पूजा की शुरूआत हो गई। छठ पूजा शुरू होने से पहले छठव्रतियों द्वारा स्नान कर कद्दू भात ग्रहण किया गया। इस दिन विशेष रूप से कद्दू और भात का प्रसाद बनाया जाता है। कई लोगों ने कद्दू भात प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। इस प्रसाद को खाकर ही छठ पर्व की शुरूआत की जाती है। छठ व्रतियों और पूरे परिवार को कद्दू भात खाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है। ज्ञात हो कि 6 नवंबर को खरना पूजा, 7 नवंबर को संध्या अरग और 8 नवंबर को उगते सूर्य की पूजा की जाएगी और इसके साथ ही छठ पूजा का महापर्व संपन्न हो जाएगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के विभिन्न कोषांगों के साथ की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गुमला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में विधानसभा चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए एएमएफ सेल के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए सभी कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केंद्रवार मूलभत सुविधाएं (एएमएफ), मतदान केंद्रवार रूट चार्ट व मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिंदुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी ः३ के माध्यम से बैठक में जुड़े रहें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रत्येक प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत बने क्लस्टरों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने चिन्हित इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण करने एवं आवश्यकताओं को देखते हुए नए इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम बनाने हेतु भी प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उक्त सभी कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली गयी। इस दौरान उन्हें बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ें। इसके साथ ही कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा-निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सभी कोषांग आपसी

## दशकों बाद गुमला विधानसभा क्षेत्र में 7 मतदान केंद्रों पर होगा मतदान का आयोजन

**गुमला :** जिले के गुमला विधानसभा क्षेत्र (68-गुमला रळ) में स्थित 7 मतदान केंद्रों पर इस वर्ष दशकों बाद मतदान का आयोजन होने जा रहा है।बता दें कि पहले इन मतदान केंद्रों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाता था, लेकिन इस बार प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बाद, इन केंद्रों पर मतदान सुचारु रूप से कराया जाएगा। जिले के संबंधित मतदान केंद्रों की सूची निम्नलिखित है: 1. 124 - न्यू प्राइमरी स्कूल, दरकना , 2. 125 - सरकारी उन्नयन मध्य विद्यालय, कोटम, बेहराटोली 3. 130 - सरकारी उन्नयन मध्य विद्यालय, रोगादीह, 4. 131 - उन्नयन मध्य विद्यालय, उरू, 5. 133 - पंचायत सचिवालय, बारडीह, 6. 134 - सरकारी उन्नयन उच्च विद्यालय, तबेला व 7. 135 - उन्नयन मध्य विद्यालय, कुकुरंजा का नाम उल्लेखनीय है। गुमला विधानसभा क्षेत्र के इन मतदान केंद्रों पर दशकों बाद आयोजित होने वाले मतदान के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश पर प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मतदाताओं को सुरक्षित और सहज माहौल में मतदान करने का अवसर प्राप्त हो। प्रशासन मतदाताओं को आश्वस्त करता है कि उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## जिले में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप वाल्कथन रैली का सफल आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गुमला :** जिले में मतदाता जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज स्वीप कार्यक्रम के तहत एक भव्य वाल्कथन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहरी क्षेत्र में संत इग्नेशियुस स्कूल से पालकोट रोड तक निकाली गई, जिसमें गुमला के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 700 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने नारे लगाते हुए जिले के मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया और उन्हें लोकतंत्र में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों द्वारा उठाए गए नारों ने मतदाताओं को जागरूक करने में प्रभावी भूमिका निभाई। रैली में मुख्य रूप से जिला स्वीप प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह आईटीडीए की निदेशक रीना हांसदा, जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला प्रभारी पदाधिकारी रमेश कुमार, सैफुल्ला अंसारी सहित विद्यालयों के शिक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने रैली को सफल बनाने में अपना योगदान दिया और लोकतंत्र के इस महोत्सव में जनसहभागिता की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर जिला स्वीप प्रभारी वरीय पदाधिकारी रीना हांसदा ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की डाकघर के प्रधान डाकपाल के साथ बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**गुमला :** मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिले के प्रधान डाकपाल के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निर्वाचन संबंधी तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनावी प्रक्रिया में डाकघर की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि मतदाताओं को समय पर वोटर आईडी (एपिक कार्ड) प्रदान करने तथा डाक घर से प्राप्त होने वाले पोस्टल बैलेट में डाकघर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी मतदाता का वोटर आईडी कार्ड डाकघर में आता है, तो उसे समय पर संबंधित मतदाता तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान स्थिति में, सभी प्राप्त वोटर आईडी कार्ड मतदाताओं को समय पर वितरित कर दिए गए हैं, और इस समय कोई भी वोटर आईडी कार्ड डाकघर में लंबित नहीं है। साथ ही, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पोस्टल बैलेट को समय पर जिले में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से पूर्व सभी पोस्टल बैलेट जिले में पहुंचने चाहिए, क्योंकि इसके बाद प्राप्त पोस्टल बैलेट की गणना नहीं की जाएगी। इस संबंध में प्रधान डाकपाल को सावधानी बरतने की हिदायत दी गई। बैठक में उपायुक्त ने अन्य महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहीं।

## संक्षिप्त खबर

### कामडारा सीओ ने अनाथ भाई-बहनों की ली सुध, शिक्षा समेत सभी सुविधाओं का मिलेगा लाभ

**कामडारा :** कामडारा सीओ सुप्रिया एक्का ने मंगलवार को अनाथ भाई - बहन को अपने कार्यालय कक्ष में बुला कर हालचाल जाना तथा ऑन द स्पॉट भाई - बहन का ऑनलाईन आय प्रमाण पत्र निर्गत किया। सीओ ने उपस्थित बहन शिलवंती तोपनो को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि तीनों बहनें कस्तूरबा विधालय में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकती है। इसलिए सभी बहनें पढ़ाई के प्रति मन बनायें। क्योंकि अभी पढ़ने की उम्र है। सात अनाथ भाई - बहनों में शिलवंती तोपनो , मरियम तोपनो और होलिका तोपनो माता - पिता की मृत्यु के पश्चात अपनी पढ़ाई बंद कर दी थी। प्रशासनिक पहल करते हुये तीनों बहनों को कस्तूरबा स्कूल में पढ़ाने के लिए जिला व प्रखंड प्रशासन के अधिकारी अपनी कवायद तेज कर दी है। मानुएल तोपनो ने बताया कि वह चौंथी कक्षा का छात्र है और वह विद्यालय जाता है। जबकी अन्य तीन भाई भी पढ़ाई नहीं करते हैं। ! सीओ ने दोनों भाई - बहनों से घंटो बात कर सभी समस्याएं सुनी और कहा कि सबसे पहले सभी लोग पढ़ाई से नाता जोड़ विद्यालय की ओर रूख करें। फिर सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ भी अनाथ भाई - बहनों को दी जायेगी। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज बनाये जा रहे हैं ! भोजन की परेशानी को देखते हुये पूर्व में सीओ ने डीलर के माध्यम से अनाज बच्चों के घर पर भिजवाया था। आगे उन्होंने हर संभव मदद का भरोसा दिया है। सीओ ने संबंधित आंगनबाड़ी सेविका से भी अनाथ भाई - बहनों के बारे विस्तृत जानकारियां प्राप्त की। सीओ से मिलने शिलवंती तोपनो , मानुएल तोपनो , अनिमा हंस , सेविका अनु मौजूद थी।

### छठ महापर्व को लेकर मुखिया ने निजी खर्च से छठ घाट का कराया निर्माण




**किस्को :** जिले के किस्को नदी में छठ व्रतियों द्वारा सूर्यदेव को अर्घ्य देने हेतु छठ घाट का निर्माण कराया गया। इस मौके पर नवाडीह पंचायत की मुखिया मीना कुमारी के द्वारा निजी राशि खर्च कर किस्को नदी में जेसीबी मशीन से छठ घाट का निर्माण कराया गया। वही 32सी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के कमांडेंट राजेश कुमार के दिशा निर्देशन में जी कंपनी किस्को कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह के निगरानी में किस्को एवं जनवल छठ घाट का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में किस्को छठ घाट पर निरीक्षक मनीष कुमार चौबे के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर समाजसेवी कुदुस संसारी, बिनय साहू, जसीम अंसारी, रोशन कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसायटी का किसी भी पार्टी को समर्थन नहीं

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**लोहरदगा :** मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मंगलवार को मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अब्दुल मोहेमिन उर्फ बब्बन की अध्यक्षता एवं सैकड़ो एक्टिव मेंबर के उपस्थिति में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जहां सोसाइटी के अध्यक्ष बब्बन ने बताया कि लोहरदगा में मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी के नाम से कुछ फर्जी लोग राजनीतिक पार्टियों से मिल रहे हैं और अपना काम बनाने की फिराक में है सोसाइटी के अध्यक्ष ने बताया कि मुस्लिम यूथ वेलफेयर सोसाइटी का चुनाव 10/07/2024 को मेंबर्स द्वारा पुराने पदाधिकारियों को भंग कराया गया इसके बाद न्यू रूप से चुनाव कराया गया जो सुचारू रूप से संचालित है और समाज की बेहतरीन गरीबों और जरूरतमंदों को हर तरह से मदद किया जा रहा एवं ब्लड डोनेशन जैसे कार्य कर रही है।

## जिले में होम वोटिंग के तहत कुल 90 लोगों ने किया मतदान

**गुमला :** पोस्टल बैलेट के द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांग मतदाताओं (चलने फिरने में असमर्थ) के लिए होम वोटिंग सोमवार से शुरू हुई है। होम वोटिंग कराने हेतु प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारी द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंचकर होम वोटिंग की गई। होम वोटिंग हेतु पहले दिन कुल 12 एवं आज 2 टीम द्वारा इन दो दिनों ( दिनांक 4 एवं 5 नवंबर) में होम वोटिंग कराई गई। इन दो दिनों में 94 में से कुल 90 लोगों ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया, जिसके तहत गुमला अंतर्गत शत प्रतिशत अर्थात कुल 68 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया वहीं लोहरदगा के भंडरा एवं सेन्हा अंतर्गत अब तक कुल 22 मतदान हुए शेष बचे मतदान कल पूर्ण कराएं जाएंगे। उक्त जानकारी परियोजना निदेशक ढऊ क्ळऊअ गुमला, रीना हांसदा द्वारा दी गई। बताते चले मतदान के क्रम में अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन एवं अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी के मतदान हेतु गठित प्रखंडवार पोलिंग टीम पहुंची। इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई। होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई।

# भ्रष्टाचार को पनाह देने वाली सरकार को राज्य की जनता करेगी बेदखल : सुदेश महतो

## झारखंड प्रदेश में दिख रहा है परिवर्तन की बयार : राजनाथ सिंह

### लोहरदगा में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत के पक्ष में राजनाथ सिंह और सुदेश महतो ने मांगा वोट

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लोहरदगा :** एनडीए गठबंधन प्रत्याशी नीरू शांति भगत के पक्ष में चुनावी जनसभा में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो एवं मंत्री संजय सेठ ने संयुक्त रूप से कहा कि चूल्हा प्रमुख कार्यक्रम से लोहरदगा समेत पूरे झारखंड प्रदेश में परिवर्तन की बयार बह रही है। नेताओं ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन सरकार सिर्फ और सिर्फ जनता को लूटने और राज्य में अराजकता की स्थिति उत्पन्न करने में समय व्यतीत कर दिखाया है। यहां की जनता भ्रष्टाचारी सरकार के कार्यों से नाखूश हैं, आने वाले 13 नवंबर को निश्चित रूप से लोहरदगा में एनडीए गठबंधन प्रत्याशी नीरू शांति भगत को आपार मतों से जीत प्राप्त होगी। कहा लोहरदगा समेत झारखंड प्रदेश की जनता अपने आप को इंडिया गठबंधन सरकार से ठगा महसूस कर रहे हैं और उनके चंगुल से मुक्त होना चाहते हैं। यहां की जनता इनके कार्यों से एक प्रतिशत भी खुश नहीं हैं। मौके पर बड़ी संख्या में एनडीए गठबंधन के कार्यकर्तागण मौजूद थे।






# पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने नहाए खाए के साथ की महापर्व छठ की शुरूआत

## एसपी ने खुद जांता चलाकर घर पर पूजा के लिए गेहूं भी पीसा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** पलामू की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने लोक आस्था का महापर्व छठ की शुरूआत नहाए खाए के साथ की। उन्होंने स्नान कर सूर्य भगवान को अर्घ्य दी। इसके पश्चात कद्दू व चावल- घी के साथ भोजन किया। इसके बाद वे छठ पर्व की अगली तैयारी में जुट गईं। उन्होंने स्वयं जांता चलाकर गेहूं पीसकर उसका आटा निकालती देखी गईं। अमन व शांति की बागडोर जिनके हाथों में है, वे आज वर्दी में नहीं बल्कि जिलेवासियों की सुख- शांति के लिए हाथों में आंचल लिए भगवान भास्कर को अर्घ देकर शीष झुकाया। बताते चलें कि नहाए-खाए के साथ छठ महापर्व मंगलवार से शुरू हो गया है। महापर्व को लेकर मेदिनीनगर शहर से लेकर पूरे पलामू जिले में नदियों व तालाब की साफ सफाई की जा रही है। बाजारों में भी रौनक देखने को मिल रही है। साथ ही साथ पूरा वातावरण छठ महापर्व के गीतों से गूंजायमान है। 5 नवंबर मंगलवार को नहाय खाए के साथ छठ पूजा की शुरूआत हो रही है। 4 दिन के इस महापर्व में महिलाएं अपने संतान के स्वास्थ्य, सफलता व दीघार्यु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास करती हैं। नहाय -खाए के बाद अगले दिन खरना व सूर्यास्त के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। अंतिम दिन सूर्योदय की पूजा करके महिलाएं अपना व्रत व पूजन पूरा करेंगी। छठ का पर्व बिहार की शान है लेकिन अब छठ पूजा पूरे देश में बहुत धूमधाम के साथ मनाई जाने लगी है। मोहल्लों में सभी हिंदू महिलाएं छठ पूजा के लिए तैयार होकर निकलती हैं। पूजन का हिस्सा बनती हैं।

# चतरा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान पदाधिकारियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**चतरा :** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधान सभा आम चुनावः 2024 के सफल संचालन हेतु द्वितीय मतदान पदाधिकारी (पुरूष एवं महिला) को प्रशिक्षण प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाहन से 01:00 बजे अपराह्न (पिन नम्बर- 341701662 से 341713868) तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05: बजे अपराह्न (पिन नम्बर- 341713869 से 341716707) तक को प्रशिक्षण राज्य सम्पोषित प्लस 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा में प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। इस मौके पर उन्हें मतदान संबंधी पूरी प्रक्रिया विस्तार से बताई गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने राज्य सम्पोषित प्लस 2 बालक उच्च विद्यालय में चल रहे द्वितीय मतदान पदाधिकारी (पुरूष एवं महिला) के प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण लेने वाले अधिकारियों को हर एक बिंदुओं के बारे में अच्छे से जानकारी प्राप्त करने की बात कही। आगे उन्होंने 13 नवंबर को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व (चुनाव) को लेकर सभी के उत्साहवर्धन करते हुए कहा सभी लोग प्रशिक्षण लेकर दिए गए कार्य दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें सभी आपस में समन्वय बनाते हुए कार्य करें जिससे सफलता पूर्वक विधानसभा आम चुनाव 2024 को संपन्न कराया जा सके। मौके पर उन्होंने सिमरिया और चतरा दोनों विधानसभा क्षेत्र के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान हेतु संचालित मतदान सुविधा केंद्र पर चल रहे मतदान प्रक्रिया का भी जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच वर्षों में विकास की गंगा बहा देंगे : दिलीप नामधारी



**चैनपुर :** चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर नेउरा तालापारा चढ़नवा खजूरिया बारालोटा, गुरियाही, जनकपुरी, सहित दर्जनों गांवों का निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने तूफानी दौरा किया। जहां क्षेत्र की जनता ने इस बार अपार समर्थन देने का भरोसा दिया मौके पर दिलीप नामधारी ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि जैसे मेरे पिता व झारखण्ड का प्रथम विधान सभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी पर भरोसा पूर्व में किया था और मेरे पिता आपके भरोसे पर खरा उतरने का काम किया था उसी तरह आप हमको इस बार आशीर्वाद देने का काम करे आपका भरोसा पर हम जरूर खरा उतरने का काम करेंगे आप पांच वर्ष के लिए मौका दें। विकास का गंगा बहा देंगे जो क्षेत्र काम नहीं हुआ है उन्हें पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस बार आप अपना विधायक चुनने में कोई गलती नहीं कीजिये नहीं तो फिर आपको 5 साल विकास के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

### जनता जनार्दन के सहयोग से होगा विस क्षेत्र का बदलाव : रूचिर तिवारी



**मेदिनीनगर :** आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह विधायक उम्मीदवार रुचिर कुमार तिवारी ने सदर अंचल के सिंदुरिया, लहलहे, भोगू, खामडीह, चैनपुर अंचल के अवसाने, दुबा, चांदो, दोकरा शहीत दर्जनों गांव में जनसंपर्क अभियान कर चुनाव प्रचार को तेज किया। वहीं ग्राम सिंदुरिया में आम सभा को संबोधित किया जिसमें श्री तिवारी ने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव कम्युनिस्ट पार्टी जो लड़ रही है वह अंधेरा के खिलाफ प्रकाश की लड़ाई है धनबल के खिलाफ जनबल की लड़ाई है जिसको कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती के साथ लड़ रही है पूर्व के सभी जनप्रतिनिधियों ने सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाने का काम किया है क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं किया और आज चुनाव आने पर यह लोग घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। जनता इस बार इन सभी लोगों को वोट के चोट से सबक सिखावे। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य गणेश सिंह ने कहा कि इस बार क्षेत्र के विकास के लिए रुचिर तिवारी को चुने और भ्रष्टाचार को खत्म करें। उमेश सिंह चेरो ने कहा कि जात-पात से ऊपर उठकर सभी समाज एकजुट होकर सबका साथी सबका भाई रुचिर तिवारी सीपीआई को चुने। मौके पर करीमन पासवान ने कहा कि गरीब मजदूरों का चुनाव चिन्ह हसिंया बाल छाप पर बटन दबाकर रूचिर कुमार तिवारी को जिताएं। मौके पर आयुष पांडे, ओमकार पांडे, रंजन पासवान, प्रिंस तिवारी, अविनाश मिश्रा, टुनु पांडे सत्यम् पांडे, संतोष तिवारी, राहुल कुमार तिवारी, आर्यन पांडे, रितेश सहित कई लोग थे।

### भाजपा प्रत्याशी कमलेश ने जंगल पहाड़ से घिरे महुदंड पंचायत का किया दौरा



**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने मंगलवार को हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती जंगलों पहाड़ों से घिरे महुदंड पंचायत का दौरा किया। ग्रामीणों ने फूल माला देकर उनका भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि गत चुनाव में उन्होंने जो वादा किया था, उसे पूरा करने का काम किया है। महूदंड रोड का निर्माण कराने के साथ साथ विभिन्न गांव में विधायक कोटा की राशि से विकास के कार्य किए गए है। महूदंड की जनता की मांग पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने का काम किया है। साथ ही विभिन्न गांव में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस बार झारखंड में भाजपा की सरकार बनना तय है। सरकार बनने के साथ ही जपला को जिला बनना भी तय है। उन्होंने कहा कि जिला बनने के बाद रोजगार की अपार संभावनाओं के साथ साथ हर क्षेत्र में विकास होगा। उन्होंने कहा कि वह जो वादा करते हैं उसे पूरा करने का काम भी करते हैं। उन्होंने कहा कि महूदंड में स्वास्थ्य सेवा के लिए यहां अस्पताल की स्वीकृति दिला कर स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अपना बहुमूल्य वोट भाजपा के कमल निशान पर देकर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने में मदद करें एवं मोदी जी को ताकत दें।

# नहाए खाए के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बालूमाथ (लातेहार) :** बालूमाथ प्रखंड में चार दिनों तक चलने वाली छठ महापर्व की शुरूआत मंगलवार को नहाए खाए के साथ शुरूआत हो गई। परवैतिन स्नान कर विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद अरवा चावल, चना का दाल एवं कदु की सब्जी का प्रसाद बनाकर ग्रहण किया। इसके साथ ही छठ महापर्व आरंभ हो गई। इससे पूर्व महिलाओं ने सुबह शाम अपने-अपने घरों में सामूहिक रूप से छठ गीत गाना आरंभ कर दी।वही छठ पर्व की तैयारी को लेकर परवैतिन धान के खेत में जाकर नया उपज हुई धान को हाथ से तोड़कर एवं लाल गेहूं को सुखाकर प्रसाद के लिए तैयार कर रही है ।इधर छठ महापर्व की तैयारी को लेकर हिन्द भारती स्वयं सेवी संस्था द्वारा छठ घाट की सफाई, पूरे बालूमाथ में लाइट एवं साउंड की व्यवस्था ,छठ घाट को आकर्षरूप से सजाने का कार्य आरम्भ कर दिया है ।हिन्द भारती के अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि यह संस्था लगातार 30 वर्षों से छठ महापर्व पर लोगों की सेवा देते आ रही है ।वही योग समिति द्वारा आम का लकड़ी का व्यवस्था किया गया है। जब की हिंद भारतीय के सदस्यों द्वारा लागत मूल्य पर दूध की व्यवस्था की है। इस पर्व को सफल बनाने में संजय ओझा, अखिलेश भोगता, हिमांशु गुप्ता, रवि रजक ,कैलाश यादव, बमभोला,समेत कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## पदाधिकारियों ने किया छठ घाट का निरीक्षण

**बालूमाथ :** बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रावानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव एवं अंचलाधिकारी विजय कुमार ने मंगलवार को बालूमाथ के कई छठ घाट का निरीक्षण किया। सार्वजनिक छठ तलाब बालूमाथ एवं झारिवा छठ तालाब के समिति के सदस्यों को पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि पूरे तालाब को साफ सफाई कर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आकर्षक रूप से लाइट एवं साउंड व सजावट किया जाए। पुलिस प्रशासन हर संभव सहयोग करेगी। वही हिन्दभारती के अध्यक्ष रवि सिंह ने छठ तालाब का सौंदरीकरण करने की मांग की। इस पर बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि चुनाव बाद आप लोग ग्राम सभा कर हमारे कार्यालय में दे। उन्होंने डीएमएफटी फंड से दोनों तालाब का सुंदरीकरण एवं सीढ़ी निर्माण करवाने का आश्वासन दिया।

# दिलीप नामधारी जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगा : इंदर सिंह नामधारी




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा, कोल्हुआ, चेड़ाबार, केकतुआ, बोकेया, पतरिया, रामपुर इत्यादि गांवों में झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री नामधारी ने कहा कि 13 नवम्बर को क्रमांक संख्या 15 पर अंकित सिलाई मशीन छाप पर मुहर लगाकर दिलीप को भारी मतों से विजयी बनाएं।

मतदाताओं को संबोधित करते हुए श्रीरामधारी ने कहा कि उनके कार्यकाल के बाद डाल्टनगंज विधानसभा का विकास कार्य रुका पड़ा हुआ है, अगर उसे पूरा करना है तो दिलीप नामधारी को जीतना जरूरी है। मैं आपसे वादा करता हूं कि दिलीप नामधारी आप सभी के उम्मीद पर खरा उतरेगा।

# भाजपा मीडिया प्रभारी पर एससी/एसटी का मामला दर्ज

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चतरा :** राज्य के श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता के पुत्र मुकेश भोगता ने नगवां निवासी काली यादव पर एससी/एसटी एक्ट का मामला दर्ज कराया हैं. काली यादव भाजपा मीडिया प्रभारी हैं। मुकेश भोगता ने बताया कि काली यादव द्वारा पिता को गाली गलौज किया. साथ अमर्यादित शब्द का उपयोग किया. इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि मुकेश भोगता के आवेदन के आधार पर सदर थाना कांड संख्या 338/24 के तहत मामला एससी/एसटी एक्ट व गाली गलौज करने का मामला दर्ज कर लिया गया हैं. आगे की कार्रवाई की जा रही हैं. बता दे कि भाजपा मीडिया प्रभारी काली यादव ने कुछ दिन पहले मंत्री श्री भोगता पर अमर्यादित शब्द का प्रयोग किया था।

## पलामू नेतृत्व विहिन हो गया है : केएन त्रिपाठी

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक का काम अपने क्षेत्र के लोगों का हक-हिस्सा, आवाज विधानसभा में उठाना है और उनके हक -हिस्सा को मजबूती से लेकर डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में आना होता है। दस वर्षों में डाल्टनगंज -भण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के जनता जो कष्ट झेली हैं।

# भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों ग्रामीण भाजपा में हो रहे हैं शामिल : रामचंद्र चंद्रवंशी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू) :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाताओं से कमल निशान पर वोटिंग करने की अपील कर रहे हैं। वे मंगलवार को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी के साथ गुरी, टोना, जरका, अमवा अटरीया व तोलरा गांवं में पूर्व मुखिया श्यामा देवी, जगन्नाथ तिवारी डीलर व योगेन्द्र तिवारी के यहां पहुंचे। रामचंद्र चंद्रवंशी ने मतदाताओं से कमल निशान पर मतदान करने की अपील की। मतदाताओं ने रामचंद्र चंद्रवंशी को आश्वस्त किया कि निश्चित रूप से कमल निशान पर ही मतदान होगा। इधर रामचंद्र चंद्रवंशी ने पत्रकारों को बताया कि जिन क्षेत्रों में जनसंपर्क करने पहुंच रहे हैं, मतदाताओं का अपार समर्थन मिल रहा है। भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों ग्रामीण भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विश्रामपुर विधानसभा के हर क्षेत्र की जनता संकल्प के साथ उन्हें तीसरी बार विधायक बनाकर विधानसभा भेजने का संकल्प ले रहे हैं। चंद्रवंशी ने कहा कि उन्हें कुछ बताने की जरूरत नहीं है।? क्षेत्र में उनका काम बोल रहा है। कुछ काम बाकी है उसे हैट्रिक लगाने के बाद पूरा करेंगे । क्षेत्र भ्रमण में भाजपा कार्यकर्ता डॉ वीपी शुक्ला, राजन पांडेय, समाजसेवी अनिल तिवारी, राधा साव, संजय तिवारी, धीरन तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, दिलीप तिवारी, आलोक सिंह, बबलू गुप्ता, सूर्यकांत तिवारी, धनंजय तिवारी, पंकज तिवारी, रामबाबू, संजय तिवारी, रवि तिवारी, रिकी तिवारी, कमल नयन तिवारी, रोशन तिवारी, रोशन मिश्रा, भरत तिवारी, प्रेम प्रकाश तिवारी, दीपक दुबे, मुकेश पाठक, अनूप तिवारी, विनय चंद्रवंशी, नीरज ठाकुर, दीपक चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, राधेश्याम चौधरी, शरद पासवान, मनदीप पासवान, वीरेंद्र उरांव, सोनी उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण व भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

# दिव्यांग भी उतरे पांकी के भाजपा प्रत्याशी डॉ शशि भूषण मेहता के समर्थन में

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार कुशवाहा डॉक्टर शशि भूषण मेहता के पक्ष में दिव्यांग भी सड़कों पर उतरे। वैसे तो हर उम्मीदवार के अपने-अपने समर्थक होते हैं, पार्टी के कार्यकर्ता होते हैं जो उनका प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं। लेकिन बहुत ही कम जगह पर यह देखने को मिलता है कि किसी उम्मीदवार के पक्ष में दिव्यांग भी कमर कसकर मैदान में उतरकर प्रचार कर रहे हो। ऐसा ही कुछ नजारा मंगलवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र के सगालीम में देखने को मिला। तीन दिव्यांग भाजपा के कमल फूल का प्रचार प्रसार कर रहे थे। दिव्यांगों ने डॉक्टर शशि भूषण मेहता को विजयी बनाने का मतदाताओं से आग्रह कर रहे थे। इस बीच डॉ शशि भूषण मेहता का जनसंपर्क अभियान का काफिला वहां पहुंचा। पत्रकारों ने डॉ शशि भूषण को दिखाया कि देखिए, किस तरह आपका प्रचार दिव्यांग भाई लोग भी कर रहे हैं। इस बात को सुनते हैं फौरन भाजपा उम्मीदवार शशि भूषण मेहता अपने वाहन से उतरकर उनका आभार प्रकट किया ।माला पहनाकर उन्हें अंगवस्त्र प्रदान किया ।तीनों का हौसला अफजाई किया । इस बारे में भाजपा उम्मीदवार मेहता से पूछा गया कि दिव्यांग आपके लिए प्रचार कर रहे हैं, आखिर क्या बात है। शशि भूषण ने कहा कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए सोचा है। उनके दिल में सबों के लिए बहुत कुछ करने की हसरतें हैं। ये समाज के वैसे व्यक्ति हैं जिन्हें मदद की आवश्यकता होती है। लेकिन ये नरेंद्र मोदी व देश की सेवा के लिए मदद कर रहे हैं। इनका पूरा भाजपा परिवार ऋणी है व ऋणी रहेगा। उन्होंने आगे यह भी कहा कि वह दिव्यांगों के लिए हर तरह के इनको सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। ट्राई साइकिल से लेकर कई तरह की सुविधा इन्हें जो सरकार की योजनाएं हैं। इसका लाभ इन्हें दिलाया है। हकीकत में ये समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति हैं ।जिन्हें मदद की आवश्यकता होती है। इसके बाद शशि भूषण मेहता का काफिला आगे बढ़ जाता है। पुनः संवाददाता उन दिव्यांग भाइयों से जानना चाहा कि आखिर क्या कारण है कि आप शशि भूषण मेहता के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं तो उन्होंने बेबाक कहा कि दिव्यांग होने के कारण चलने में लाचर थे । कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई लोगों के पास गुहार लगाई लेकिन जब वे लोग विधायक शशि भूषण मेहता के पास गए तो उन्होंने फौरन ट्राई साइकिल उपलब्ध कराया। इसलिए उनकी नैतिक जिम्मेवारी बनती है कि वे विधायक को पुनः विजयी का माला पहनाकर झारखंड में भाजपा की सरकार बनाएं।

# पांकी क्षेत्र का नहीं हुआ विकास, इसलिए जनता में है आक्रोश



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक ने पांकी की जनता हाथों में कटोरा थमा दिया है। हिंदू मुस्लिम करके सत्ता में आए वर्तमान विधायक भाजपा उम्मीदवार ने पाकी को ठगने और छलेने का काम किया है। पांकी विधानसभा एक ऐसा विधानसभा था जब लोग हमारे गार्जियन वीर विदेश सिंह के समय में सड़के स्वास्थ्य शिक्षा पुल पुलिया के लिए पांकी की जनता को संघर्ष नहीं करना पड़ता था। आज स्थिति यह हो गई है छोटी बड़ी गाड़ी है। चलने के लिए पाकी की सड़कों पर सोचना पड़ रहा है। पांकी विधानसभा क्षेत्र में वीर विदेश सिंह ने जो विकास की गंगा बहाने का काम किया है वह खींची हुई लकीर कोई भी विधायक छोटा नहीं कर सकता है। आपको मालूम हो कि देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह के शरीर में वीर विदेश सिंह का ही खून बहता है। इसी को लेकर वह चुनावी समर में है। उनके पिताजी की जो अधूरे सपनों को देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह पूरा करेंगे और जनता के हर दुख दर्द में खड़े रहेंगे इस बार पांकी की जनता का काफी राय बिट्टू सिंह उर्फ देवेंद्र कुमार निर्दलीय प्रत्याशी को आपार समर्थन मिल रहा है।

# पटना में लगेगी अबुल कलाम आजाद की प्रतिमा,सीएम नीतीश कुमार ने शिलापट्ट को लेकर दिए खास निर्देश

मुकेश कुमार

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नेहरू पथ स्थित निर्माणाधीन भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद स्मृति स्मारक पार्क का निरीक्षण किया।यहीं पर अबुल कलाम आजाद की प्रतिमा लगाई जाएगी।निरीक्षण के दौरान सीएम ने निर्माण कार्यों की जानकारी ली।अधिकारियों को निर्देश दिया की अबुल कलाम आजाद की जयंती 11नवंबर को है उससे पहले इस पार्क का निर्माण और प्रतिमा लगाने का काम पूरा हो जाना चाहिए।शिलापट को लेकर खास निर्देशऱसीएम ने अधिकारियों को यह भी



निर्देश दिया कि पार्क के शिलापट पर अबुल कलाम आजाद साहब के देश की आजादी में योगदान,उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में जानकारी अंकित करायें,जिससे लोग उनके बारे में जान सकें।मुख्यमंत्री ने हार्डिंग रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल का भी निरीक्षण किया।11 नवंबर से पहले प्रतिमा लगाने की तैयारीज़मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की और अन्य लोगों की प्रतिमा तो लग गई है।मौलाना अब्दुल कलाम आजाद की भी प्रतिमा 11नवंबर से पहले लग जाएगी।वहीं 11नवंबर को उनके जन्मदिन को शिक्षा दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की गई थी।अब उनकी प्रतिमा जब यहां लग जाएगी तो लोगों को उनके बारे में जानकारियां भी मिलने लगेगी।हम लोगों ने उनके व्यक्तित्व कृतित्व के लिए काफी काम किया है।अन्य लोगों की प्रतिमा तो लग ही गई है,अब उनकी भी प्रतिमा 11 नवंबर से पहले लग जाएगी- ज़्नीतीश कुमार,मुख्यमंत्री पार्क का निर्माण पूराज़्बता दें कि राजधानी पटना के नेहरू पथ में ही पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा और पार्क भी है।अब इसी पथ में देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की भी प्रतिमा स्थापित हो रही है और पार्क का भी निर्माण कर लिया गया है।

## सीमा सुरक्षा बल त्रैमासिक ई-पत्रिका मेरू ग्रैफिटी का विधिवत विमोचन



**हज़ारीबाग़** – प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैंप हजारीबाग में के0एस0बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू परिवार पर अध्ययन संकाय द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका 'मेरू' के सोलहवें ई-संस्करण अवधि 11 जुलाई 2024 से 31 सितम्बर 2024 का विधिवत विमोचन किया गया। इस मौके पर राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, डी0 के0 प्रमाणिक, उन महानिरीक्षक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आई0पी0पी0 नेटवर्क /ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवम् विद्यालय द्वारा गत तीन माह ( 11 जुलाई 2024 से 31 सितम्बर 2024 ) की अवधि में किये गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, प्रशासनिक, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, बावा गतिविधियाँ, एवं विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन आदि गए कार्यो में से कुछ की झलकियां दिखाई गई है। इस पत्रिका का पंदहवां ई-संस्करण अंक 26 जुलाई 2024 को जारी किया जा चुका है। वर्तमान संस्करण पत्रिका सभी पाठको तक पहुँचें इसलिए इसे पुनः ई-स्वरूप में जारी किया गया है।

## ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सरायकेला** – आदित्यपुर पुलिस ने सोमवार को 2 ब्राउन शुगर कारोबारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर आदित्यपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुस्लिम बस्ती से सटे रेलवे लाइन के समीप से दो ब्राउन शुगर तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पकड़े गए तस्करों का नाम अरशद अली और मोहम्मद इरफान है. पुलिस ने इनके पास से 8. 08 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है. बरामद सभी सामानों की कीमत कल 4 लाख 77 हजार 600 बताई जा रही है. थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि



पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ब्राउन शुगर के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में रविवार को सूचना मिली कि काफी दिनों से मुस्लिम बस्ती के पीछे रेलवे पटरी के बगल में कुछ लोगों द्वारा ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. इसपर संज्ञान लेते हुए छापेमारी की गई. जहां से एक केटीएम बाइक से भाग रहे दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों ने अपना नाम अरशद अली और मोहम्मद इरफान बताया. उनकी तलाशी लेने पर अरशद अली के पास से 71 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन 5.24 ग्राम, जिसकी कुल कीमत 3,460 रुपए एवं एक वन प्लस कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया. वहीं मोहम्मद इरफान के पास से 39 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका वजन 2.90 ग्राम जिसका कुल कीमत 12,230 एवं एक रियलमी तथा एक एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया. उसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए सभी सामान जब्त कर लिए गए. जिन्हें पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

## सानंद वर्मा ने छठ पूजा से अपने गहरे लगाव के बारे में बताया

**रांची** – सानंद वर्मा को एण्डटीवी के शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनोखेलाल सक्सेना की अनोखी और मजेदार भूमिका निभाने के लिये जाना जाता है। सानंद के मन में छठ पूजा के लिये बड़ी श्रद्धा है और यह त्यौहार उन्हें बहुत पसंद भी है। सानंद बिहार के हैं और छठ पूजा को सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, शुद्धि एवं सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव मानते हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपने मन की बात बताई और छठ पूजा मनाने का तरीका भी बताया।

छठ पूजा के दौरान सब-कुछ बदल जाता है। शहर और कस्बे तरोताजा और साफ-सुथरे दिखाई देते हैं। पूरा समाज एकजुट हो जाता है और त्यौहार का महत्व बढ़ाने के लिये अपने-अपने तरीकों से योगदान देता है। गरीबों को भोजन कराया जाता है, गलियों की सफाई में मदद की जाती है और गंगा नदी की सफाई में भी हिस्सा लिया जाता है। माहौल बहुत ही सकारात्मक हो जाता है और सारी नकारात्मकता गायब हो जाती है। मैं जब भी छठी मैया के गीत सुनता हूँ, तब मेरी आँखों में आंसू आ जाते हैं। छठी मैया का प्रसाद खाने से ऐसा लगता है मानो अमृत मिल रहा हो। छठ पूजा के दौरान मुझे सचमुच शुद्धता की अनुभूति होती है।

मुंबई का उत्सव बिहार या उत्तर प्रदेश से अलग तो होता है, लेकिन यहाँ भी भक्ति और गंभीरता देखने लायक होती है। मुंबई के लोग छठ पूजा को लेकर बड़े जागरूक रहते हैं और जुहू बीच जैसी जगहों पर उत्सव का आयोजन होता है। छठ पूजा का प्रसाद अनोखा ठेकुआ है। यह एक पारंपरिक मिठाई है, जो गेहूं के आटे, गुड़ और घी से बनती है। सुनहरी रंगत आने तक इसे डीप-फ्राय किया जाता है और इसे खाकर बड़ी खुशी मिलती है। ठेकुआ का छठ पूजा के त्यौहार में विशेष महत्व होता है और इसका जबर्दस्त, मीठा स्वाद बहुत ललचाता है। ठेकुआ स्वादिष्ट तो होता ही है, उसमें भक्ति और प्यार भी भरा होता है, जो उसे तैयार करने में आ जाता है। इस विशेष प्रसाद का आनंद लिये बिना मेरी छठ पूजा अधूरी होगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह का कटकमसांडी में जनसंपर्क अभियान में उमड़ी भीड़



**हज़ारीबाग़/कटकमसांडी** – वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के अंतर्गत मुन्ना सिंह उनके कार्यकर्ता एवं उनके सैकड़ों समर्थकों ने बांझिया, शाहपुर, एदला, बसंतपुर, कटकमसांडी चौक, लखनू, मंदिर चौक हरिजन टोला, नवादा चौक, पाराटांड़ मोड़, बरगड्डा, बहिमर चौक, सारुगारु स्कूल, डांड चौक, सुलमी चौक, लुपुंग मंदिर चौक, असधीर चौक, जलमा चौक, कंचनपुर, हेदलॉग, छड़वा डैम, खुटरा चौक, रोमी चौक, पबरा चौक एवं मायापुर मंदिर का दौरा किया । जनसंपर्क अभियान में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में 730000 किशोरियों को लाभान्वित होने की जानकारी दी गई। इसके इलावा 38.41 लाख उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफी और मैया सम्मान योजना का सकारात्मक असर जनता की बीच देखा जा रहा है।

इस जनसंपर्क अभियान में कांग्रेस पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति, बीस सूत्रीय अध्यक्ष सरयू यादव, जिला महासचिव रंजीत यादव, जिला महासचिव बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह, जिला महासचिव मनोज मोदी, प्रखंड सचिव रियाजउद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजा, पूर्व मुखिया आराभुसाई रहमत जी, दौत्व मुखिया जयप्रकाश केसरी, पूर्व मुखिया शेर मोहम्मद, शाहपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, डांटो खुर्द की मुखिया कुमारी बाफला, जिला महासचिव रब्बानी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण मौजूद रहे।

## बड़कागांव में कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद के जनसंपर्क अभियान में उमड़ी भारी भीड़

**बड़कागांव** – महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने बड़कगांव प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने चेपा कला, जुगरा, डाड़ीकला, सिंदुआरी, सोनबरसा, सिकरी, सिरमा में स्थानीय लोगों से संवाद किया। इस दौरान महागठबंधन प्रत्याशी को भारी समर्थन देखने को मिला। अंबा प्रसाद ने जनसंपर्क के माध्यम से 5 वर्षों का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उपलब्धियां गिनाई और लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। उन्होंने पंचायतों में जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी के विकास कार्यो और योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में उनकी सरकार ने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

जनसंपर्क अभियान के दौरान अंबा प्रसाद के साथ महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर संपर्क करने, और लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ÷हमारी जीत तभी संभव है जब हम एकजुट होकर काम करें और हर मतदाता तक पहुंचें। हमने हर वर्ग के मुद्दों को सुलझाने का पूरा प्रयास किया है।जनसंपर्क के दौरान अंबा प्रसाद को क्षेत्रवासियों का भारी समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने उनकी योजनाओं और विकास कार्यों के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। इस दौरान अंबा प्रसाद ने कहा, आपका यह समर्थन ही हमारी ताकत है। मैं आपके साथ मिलकर इस क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करने के लिए तत्पर हूँ। इस जनसंपर्क अभियान के अंत में अंबा प्रसाद ने सभी से अपील की कि वे आगामी चुनावों में महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें। उन्होंने कहा, ÷आपका वोट हमारी सेवा और आपके सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। आइए, हम सब मिलकर एक नई शुरुआत करें और बड़कगांव के विकास को नई दिशा दें।

## जन जन तक विकास पहुंचाने का काम करेंगे – आलोक चौरसिया

**चैनपुर पलामू**– प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गांव का दौरा भाजपा प्रत्याशी सह वर्तमान विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने किया इस दौरान उन्होंने जनता से अपने पिछले कार्यकाल के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए समर्थन और आशीर्वाद की अपील की। और मौके पर कहा कि हमने हमेशा दलित शोषित वंचित लोगों का समस्याओं को सुना और क्षेत्र का हर समस्याओं को दूर करने का काम किया है और आगे भी करते रहेंगे साथ ही जन-संपर्क अभियान के दौरान आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि ÷हमने अपने कार्यकाल में क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। और हमारे प्रयासों का परिणाम है कि चैनपुर प्रखंड में सड़कें, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले से कहीं बेहतर स्थिति में हैं। हमने चैनपुर में कई नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दिलाई, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सहूलियत हुई है। बिजली के कनेक्शन और सड़क-निर्माण में तेजी लाई गई है ताकि गांवों को शहर से जोड़ा जा सके और उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण रोजगार प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया ।

## चतरा की बड़ी कार्रवाई, चोरी के बाईक व हथियार के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार

**चतरा,** सदर व गिद्धौर पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर चोरी की बाईक व हथियार के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया हैं. गिरफ्तार अपराधियों में चतरा शहर के दीभा मुहल्ला निवासी दीपक कुमार (पिता अजय राम), बुच्चीडाड़ी निवासी अमित कुमार (पिता कृष्णा रविदास) व लेम पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी आकाश कुमार (पिता अशोक रविदास) शामिल हैं. अपराधियों के पास से एक चोरी का बिना नंबर बाईक, एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली, दो मोबाईल, एक पलास जब्त किया गया. सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि गिद्धौर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चिरैया गांव निवासी मुखलाल गंझु का एक ट्रैक्टर को कुछ लोग लेकर भाग रहे हैं. सूचना के आलोक में पुलिस ने उसका पीछा किया. पुलिस नजदीक आता देख ट्रैक्टर सिंदुवारी जंगल में छोड़ दिया. जहां से गिद्धौर पुलिस ने उसे बरामद कर थाना ले आयी. गिद्धौर थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने अपराधियों का पीछा किया और इसकी जानकारी सदर पुलिस को दी. सदर पुलिस ने कुल्लू मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया. इस दौरान बाईक से आ रहे तीनो को धर दबोचा गया. इस तरह गिद्धौर पुलिस व सदर पुलिस ने तीनो को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी लेने पर हथियार जब्त किया गया. इस संबंध में आर्म्स एक्ट व अन्य एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया गया. छापामारी टीम में पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो घोषणा संकल्प पत्र पर करेगी कार्य, राज्य में सुशासन लायेंगे



**चतरा,** भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को भाजपा संकल्प पत्र जिला प्रभारी विनय जायसवाल ने जारी किया गया। इस मौके पर उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में सुशासन लाने के लिए संकल्प पत्र जारी किया गया हैं। कहा कि रघुवर की सरकार की योजनाओं को पुन शुरू किया जायेगा। एक रूपये में महिलाओं के नाम जमीन रजिस्ट्री, डायल 181 व सीएम संवाद शुरू की जायेगी। साल में दो बार त्योहार के अवसर पर मुफ्त गैस दिया जायेगा। 500 रूपये में सिलेंडर, गो गो दीदी योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 2100 रूपये व बालू फ्री देने का काम किया जायेगा. प्रतियोगी परीक्षाओं में हुए घोटाला की सीबीआई जांच करायी जायेगी. घुसपैठ को राज्य से बाहर व आदिवासी अस्मिता को बचाया जायेगा. मुखिया को पांच हजार वेतन, 3100 प्रति क्विंटल धान की खरीदारी की जायेगी.युवाओं को नौकरी दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प पत्र जारी किया गया। हर वर्ग के लोगो का विकास होगा। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव भोगता, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, मीडिया प्रभारी काली यादव, सुजीत जायसवाल, मृत्युंजय सिंह समेत कई उपस्थित थे।

# नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू

**चारों ओर छठ की गीत से भक्तिमय हुआ क्षेत्र, तीन दिवसीय निर्जला उपवास रखेगी छठव्रती**

अजय चौरसिया

**चतरा,** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गयी। हिन्दू रीति रिवाज में किसी भी पूजा पाट और शुभ मुहूर्त से पहले स्नान सबसे जरूरी होता है। छठव्रती गंगा स्नान कर नये वस्त्र पहनकर पवित्र मन से पूजा- पाठ की तैयारियां की जाती हैं। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाये जाने वाले चार दिनों तक चलने वाले छठ महापर्व नहाय-खाय के साथ होती है, यानी पहले दिन सबसे पहले स्नान कर शुद्ध होना अहम माना जाता है। इस दिन सुबह-सुबह नहा धोकर सबसे पहले खुद को पवित्र किया जाता है। मतलब कि छठ पूजा हिंदुओं के लिए नेम, निष्ठा और पवित्रता का महान त्योहार माना जाता है। मंगलवार को छठ व्रती स्नान कर पूरे विधि विधान के साथ पूजा कर सूर्य भगवान के आराधना के साथ अरवा चावल चना के दाल और कद्दू की सब्जी प्रसाद के रूप में ग्रहण करती है। व्रतियों के साथ घर के सदस्य भी प्रसाद के रूप में ग्रहण करते है। व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण के पश्चात अपने पति से आशीर्वाद लेते है। वहीं बुधवार को (लोहंडा) खरना उपवास कर संध्या में गन्ने के रस से बना चावल खीर के साथ दूध,



चावल का पिट्ठा घी चुपड़ी रोटी भगवान सूर्य को अर्पित करने के बाद प्रसाद ग्रहण करती है। पश्चात 36 घंटे का निर्जला उपवास होता है। गरुवार की संध्या अस्ताचलगामी को पहला अर्घ्य और शुक्रवार की अहले भगवान भाष्कर को अर्घ्य दिया जायेगा। सुबह अर्घ्य के साथ छठव्रती कुल देवता पूजन कर दही, शर्बत समेत जल ग्रहण कर पारण करती है। छठ महापर्व को लेकर नदी, तालाब और जलाशयों समेत की साफ-सफाई की गयी है। चारो ओर छठ की गीत गूंज रही है।



JHARKHAND MILK PRODUCTS PVT. LTD.
Vill - Tirla, Palu, Ormanjhi, Ranchi, Jharkhand - 835219

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63